दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
● नई दिल्ली। शुक्रवार 26 दिसम्बर -2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 367 पेज -09 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या, भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंसा बदस्तूर जारी है। देश में एक और हिंदू शख्स की हत्या करने का मामला सामने आया है। भीड़ ने पीट-पीटकर एक और हिंदू युवक की हत्या कर दी है। लेकिन पुलिस का कहना है कि यह हमला उगाही से जुड़ा हुआ है। डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले के पंशा में बुधवार देर रात ग्रामीणों के एक समूह ने रंगदारी के आरोप में एक हिंदू व्यक्ति को पीट-पीटकर मार डाला। यह घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।

बांग्लादेश पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम अमृत मंडल उर्फ सम्राट है, जिसके खिलाफ उगाही और डराने-धमकाने के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि अमृत 'सम्राट बाहिनी' का मुखिया था। अमृत मंडल उर्फ सम्राट (30) हुसैनडांगा के अक्षय मंडल का बेटा है। पुलिस ने सम्राट के एक सहयोगी मोहम्मद सलीम को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक पिस्तौल सहित हथियार बरामद किए गए हैं।

**बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले के पंशा में घटित हुई घटना**

डेली स्टार के मुताबिक, पांग्शा सर्कल के सहायक पुलिस अधीक्षक देब्रता सरकार ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा एक व्यक्ति पर हमला किए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित की पहचान अमृत मंडल के रूप में हुई है, जिसे सम्राट के नाम से भी जाना जाता था। पुलिस को वह बेहद गंभीर स्थिति में मिला और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि सम्राट के खिलाफ हत्या सहित दो मामले दर्ज थे। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि सम्राट कथित तौर पर एक क्रिमिनल गैंग चला रहा था और उगाही में शामिल था।

## बांग्लादेश पुलिस ने हिंदू घरों पर हमलावरों की जानकारी देने पर इनाम की घोषणा की



बांग्लादेश में बदले राजनीतिक हालात के बीच भीड़ हिंसा और अल्पसंख्यकों पर हमलों ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है। दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटोग्राम के पास हिंदू परिवारों के घरों को निशाना बनाकर की गई आगजनी की घटनाओं के बाद अब बांग्लादेश पुलिस ने सख्त कदम उठाने का संकेत दिया है। पुलिस ने ऐसे हमलावरों की पहचान में मदद करने वालों को इनाम देने की घोषणा की है। चटोग्राम के बाहरी इलाके राउजान में कतर में काम करने वाले प्रवासी मजदूर सुख शिल और अनिल शिल के घर को मंगलवार रात अज्ञात हमलावरों ने आग के हवाले कर दिया। परिवार के सदस्यों के मुताबिक, आग लगने के बाद वे गर्मी महसूस होने पर जागे, लेकिन बाहर के दरवाजे बंद थे। आठ सदस्य टीन की चादर और बांस की बाड़ काटकर किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन घर पूरी तरह जल गया।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया बना गये गाजियाबाद आकर स्वागत का पूरा प्लान

## जब प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी आयेंगे यहां तो उमड़ेगा देवतुल्यों का जनसैलाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में स्वागत की एक परिपाटी है और खास तौर से जब यहां नये प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी होती है तो स्वागत का सिलसिला जोरदार रहता है। गाजियाबाद की धरा पर अगर प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत की बात करें तो स्वतंत्रदेव सिंह का स्वागत सबको याद होगा। पंकज चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बने हैं और वो गाजियाबाद आ रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही ये प्रकाशित कर दिया था कि प्रदेश अध्यक्ष वेस्ट यूपी में एंट्री करेंगे, वो मेरठ में क्षेत्रीय कार्यालय में मीटिंग करेंगे, उनके कदम गाजियाबाद में भी पड़ सकते हैं। ठीक ऐसा ही हुआ है और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी मेरठ के क्षेत्रीय कार्यालय में बैठक भी करेंगे और गाजियाबाद भी आयेंगे। यहां कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। पंकज चौधरी अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गाजियाबाद आ रहे हैं। उनका आगमन भव्य होना चाहिए, उनका स्वागत शानदार होना चाहिए। वो वेस्ट यूपी में आ रहे हैं तो मेरठ से पहले वो गाजियाबाद की धरती पर कदम रखेंगे। प्रदेश अध्यक्ष पहली बार यहां आ रहे हैं तो उनके स्वागत की तैयारी में भाजपा टीम जुट गयी है। प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किस तरीके से होगा और कौन कहां तैनात रहेगा इसका पूरा रोड मैप भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया गाजियाबाद आकर बनाकर गये। उन्होंने पूरा प्लान बताया और समझाया कि किस बिंदू पर क्या होगा।





गुरूवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने महानगर कार्यालय पर बैठक ली। इस बैठक में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और सभी मंडल अध्यक्ष भी मौजूद थे। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत के लिए दो प्वाईंट मुख्य रूप से बनाये गये हैं। पहला स्वागत यूपी गेट पर होगा और दूसरा स्वागत एबीईएस कट के पास होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने गुरुवार को पूरा प्लान तैयार किया कि किस मार्ग पर भाजपा के होर्डिंग और बैनर लगाये जायेंगे। बैनर में क्या लिखा जायेगा और प्रदेश अध्यक्ष का फोटो कितना बड़ा होगा। ये सब बातें वो विस्तार से समझाकर गये हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि स्वागत का माहौल स्वागत जैसा लगना चाहिए। पूर गजियाबाद में भाजपा के होर्डिंग और झंडे दिखने चाहिए।

### मयंक गोयल ने किया एलान, स्वागत होगा भव्य और शानदार

करंट क्राइम।। मयंक गोल महानगर अध्यक्ष की कमान संभालने के बाद से ही लगातार पूरी फॉर्म में चल रहे हैं। वो तिरंगा यात्रा से लेकर एसआईआर अभियान तक अपनी टीम के साथ जुटे हैं। मयंक गोयल की ये खूबी है कि वो संगठन के हर कार्यक्रम को ईवेंट में बदलना जानते हैं। संघ पृष्ठ भूमि से हैं तो अनुशासन उनकी कार्यशैली का पहला हिस्सा है। गुरुवार को जब महानगर कार्यालय पर बैठक हुई और क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सभी को विस्तार से समझाया कि स्वागत कैसे होगा। तब यहां भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने आगे बढ़कर दायित्व लिया और क्षेत्रीय अध्यक्ष को पूर्ण भरोसा दिलाया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत कार्यक्रम पूरी तरह से भव्य , अनुशासित और शानदार होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की टीम पूरी तरह से तय थीम पर काम करेगी। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भव्य स्वागत के लिए पूरी तरह कमेटि नजर आये और उन्होंने क्षेत्रीय अध्यक्ष को भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत शानदार होगा। उन्होंने कहा कि 50 से 60 प्वाईंट ऐसे रखे गये हैं जहां कार्यकर्ता हाथों में झंडे लेकर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करेंगे। इन्हीं 50 से 60 स्थानों पर बड़े होर्डिंग और बैनर लगाये जायेंगे। मयंक गोयल ने कहा कि मंडल की टीमों के साथ सब मुस्तैद रहेंगे ये संदेश दे दिया गया है।



**श्रद्धांजलि**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने गुरुवार को भाजपा महानगर कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद महानगर कार्यालय में ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में महानगर के पदाधिकारी भी मौजूद थे और मंडल अध्यक्ष भी मौजूद थे।

# एमएलसी दिनेश गोयल ने शीतकालीन सत्र में रखी गाजियाबाद की बात

## दिल्ली गेट, डासना गेट के सौन्दर्यकरण से लेकर खोड़ा के पेयजल का उठाया मुद्दा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एमएलसी दिनेश गोयल ने विधानपरिषद के शीतकालीन सत्र में लखनऊ में गाजियाबाद के मुददों को रखा। उन्होंने गाजियाबाद शहर में स्थित पुरानी धरोहर दिल्ली गेट व डासना गेट का सौन्दर्यकरण अविलम्ब कराये जाने के संबंध में शासन स्तर पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की। गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी में रह रहे लोगों के लिए पेयजल की समस्या का मुददा रखा। कहा कि यहां 12 लाख की आबादी के लिए टैंकरों से सप्लाई की जा रही है। टैंकर पर्याप्त संख्या में नहीं है। इस समस्या का समाधान होना चाहिए।

एमएलसी दिनेश गोयल ने प्रदेश में अवेध घुसपैठ का मुददा उठाते हुए कहा कि कठोर कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। वहीं पूरे प्रदेश में चल रहे होटल और रेस्टोरेंट में सुरक्षा मानकों की जांच और दुरूस्तीकरण की मांग की है।

एमएलसी दिनेश गोयल ने संयुक्त स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत कर्मचारियों तथा विभाग में दिवंगत हुए कर्मचारियों के परिवारों का भविष्य निधि और ग्रेच्युनिटी का भुगतान कराने हेतू आवश्यक कार्यवाही और सदन में चर्चा कराने की मांग की। एमएलसी दिनेश गोयल की ये खूबी है कि वो शीतकालीन सत्र में भी अपने शहर को लेकर पूरी तहर अपडेट रहे हैं। यहां उन्होंने एक तरफ खोड़ा कालोनी में हो रहे पानी की समस्या के मुददे का समाधान मांगा है तो वो अस्पतालों की व्यवस्था को लेकर भी सदन में आये हैं। एमएलसी दिनेश गोयल ने कहा है कि बंद चिकित्साल्यों को बिना मानक पूरा कराये तथा निरीक्षण के बिना लाईसेंस नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसे अस्पतालों को लाईसेंस दिया जाना न्याय उचित नहीं है।

### स्कूल और कॉलेजों में टॉयलेट की साफ सफाई को लेकर उठा दिया सवाल



करंट क्राइम। एमएलसी दिनेश गोयल ने उत्तर प्रदेश में विद्यालयों और महाविद्यालयों में टॉयलेट की सफाई का मुददा उठाया है। सबसे बड़ी बात ये है कि एमएलसी दिनेश गोयल इस बार शीतकालीन सत्र में विधानपरिषद के सदन में स्कूलों और डिग्री कॉलेजों में टॉयलेट को लेकर और खास तौर से महिला टॉयलेट को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उनकी ये मांग है कि पूरे यूपी में अभियान चलाकर विशेषकर महिला शौचालयों को ठीक कराया जाये। विद्यालयों में यथा संभव सैनेटरी नैपकिन की व्यवस्था की जाये। प्रदेश के विद्यालयों में और खास कर शौचालयों में सफाई की व्यवस्था ना होने पर विद्यार्थियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने टॉयलेट की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने हेतू चर्चा कराये जाने की मांग की है।

**शोक संदेश**

ॐ श्री हरिः स्मरणम्
पुर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावाशिष्यते।।





**श्री अशोक कुमार अग्रवाल** (नमक वाले)

**श्री अभिनव अग्रवाल** (पुत्र सतीश कुमार अग्रवाल नमक वाले)

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य बड़े भाई श्री अशोक कुमार अग्रवाल एवं पुत्र अभिनव अग्रवाल का स्वर्गवास दिनांक 16-12-2025 दिन मंगलवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी तेहरवी (अरिष्टि) दिनांक 26-12-2025 दिन शुक्रवार को होनी है।

हवन......................................प्रातः 9.00 बजे
निज निवासः- B-25, गोविन्दपुरी, मोदीनगर जि० गाजियाबाद
(शोक सभा)
श्रद्धांजली व रस्म पगड़ी..............दोपहर 3.00 बजे

स्थान :- लक्ष्मी नारायण मन्दिर (मोदी मन्दिर)
रेपिड पिलर नं० 1158, जी० टी० रोड़, मोदीनगर, गजियाबाद

Scan You Qr

शोकाकुल :-
सतीश कुमार अग्रवाल (नमक वाले)
लोकेश कुमार अग्रवाल (भाई व चाचा)
रजत अग्रवाल (पुत्र व भाई)
आदित्य अग्रवाल, तनिष्क अग्रवाल (भतीजा व भाई)
आंचल एवं ऋत्विक, कोमल एवं करन (पुत्री व दमाद)
एवं समस्त शोकाकुल परिवार

निवासः-
B-25, गोविन्दपुरी, मोदीनगर
जि० गाजियाबाद (उ० प्र०)
मो० 9319070066, 9810316995
8375959118, 8279727790

Printed By :- Sudha Press Mob. 9557646606



# पीएम ने लखनऊ में वाजपेयी, श्यामा प्रसाद, पंडित दीनदयाल की प्रतिमाओं का अनावरण किया

# अटल जयंती का दिन सुशासन उत्सव का दिन : मोदी









'अटल जी ने दिल्ली में मेट्रो शुरू की थी'

'ब्रह्मोस मिसाइल अब उत्तर प्रदेश में बन रही'

'सही मायने में सुशासन को जमीन पर उतारा गया'

'हमारी सरकार ने धारा 370 की दीवार गिराई'

'लखनऊ की भूमि नई प्रेरणा की साक्षी'

'विकसित भारत का संकल्प सिद्ध हुआ'

'राष्ट्र प्रेरणा स्थल 230 करोड़ रुपये में बना'

**लखनऊ।** बसंतकुंज योजना में बने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। पीएम ने यहां पर लगी तीन विभूतियों अटल बिहारी वापजेयी, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीन दयाल उपाध्याय की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण किया। इन विभूतियों के संस्मरणों को संजोने के लिए बने म्यूजियम का लोकार्पण भी इसी कार्यक्रम में हुआ।

इस आयोजन में दो लाख से अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान है। समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**खुशी है कि आज यूपी की पहचान बदल रही है : मोदी**

लोकार्पण के लिए आयोजन स्थल के साथ पूरे शहर को सजाया व संवारा गया है। आयोजन स्थल को भव्य बनाने के लिए कई प्रदेशों से बेहतरीन फूल वाले पौधे मंगाए गए हैं।पूरे शहर में डिवाइडरों को साफ कर रंगा गया है। प्रमुख चौराहों और मार्गों पर स्ट्रीट लाइट के पोल पर रंगीन लाइट वाली झालरें लगाई गई हैं। दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी कराई गई है। सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आयोजन में आसपास के कई जिलों से करीब 2000 बसें आ रही हैं। इनकी पार्किंग के खास इंतजाम किए गए हैं। कुल 13 पार्किंग बनाई गई हैं। इनमें 2600 बसें और 2000 कारें खड़ी हो सकेंगी। व्यवस्था बनी रहे इसके लिए अफसरों और कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इन तस्वीरों में बहुत बड़ी संख्या में बसें दिख रही हैं। साथ ही लोगों का यह हुजूम बता रहा है कि सभी में किस स्तर की भीड़ होने वाली है।

25 दिसंबर को प्रधानमंत्री राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करने राजधानी आ रहे हैं। कार्यक्रम के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने डायवर्जन जारी किया है। 24 दिसंबर की रात 12 बजे से बृहस्पतिवार को कार्यक्रम की समाप्ति तक यातायात बदला रहेगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं। जेसीपी एलओ बबलू कुमार ने बताया कि कार्यक्रम स्थल व उसके आसपास के पूरे इलाके पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। हर जगह चेकिंग की जा रही है। सुरक्षा के लिए 18 पुलिस उपायुक्त, 26 अपर पुलिस उपायुक्त, 80 सहायक पुलिस आयुक्त, 189 इंस्पेक्टर, 1367 दरोगा, 214 महिला दरोगा, 4312 सिपाही, 997 महिला सिपाही, 18 कंपनी पीएसी, 4 कंपनी आरएएफ, 8 बम निरोधक दस्ता, एनएसजी की दो टीमें, एटीएस की एक टीम, एंटी ड्रोन की दो टीमें, एक एंटी माइन टीम, 14 एंटी सबोटाज टीम तैनात की गई है। 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों की निगरानी भी की जा रही है।

## हमें गर्व है कि हमने धारा 370 हटाई : पीएम नरेंद्र मोदी

### पीएम मोदी ने बटन दबाकर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण किया



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्र प्रेरणा स्थल का बटन दबाकर लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय की विशाल कांस्य प्रतिमाओं का भी अनावरण किया।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज लखनऊ को एक नया प्रेरणा स्थल प्राप्त हुआ है। यह हमारे लिए आत्मसम्मान, गौरव और सेवा का प्रतीक है।

यह राष्ट्र प्रेरणा स्थल हमें संदेश देता है कि हमारा हर कदम हर प्रयास राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित है। सबका प्रयास ही विकसित भारत का निर्माण करेगा। मैं लखनऊ, उत्तर प्रदेश और पूरे देश को राष्ट्र प्रेरणा स्थल की बधाई देता हूं।

### अटल जी ने कहा था कि अंधेरा छंटेगा, हम वही होते देख रहे हैं : सीएम योगी



राम चंद्र भगवान और भारत माता के जयकारों के सीएम योगी ने अपना अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने पीएम का अभिनंदन किया। सीएम ने यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के देश के प्रति योगादानों को याद किया। सीएम ने कहा कि हम सबकी प्रेरणा के रूप में ये राष्ट्र नायक हमारा सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कभी कहा था कि अंधेरा छटेगा कमल खिलेगा की बात कही थी। अब वही होते हुए देख रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न देकर इस सरकार ने उन्हें सम्मानित किया है। यह शहर अपने देश की विभूतियों को उनका गौरव और सम्मान देता है।

### राष्ट्रनायकों को सम्मान दे रहीं राज्य व केंद्र सरकारें : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लखनऊ के सांसद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश को गौरव दिलाने का काम पीएम मोदी कर रहे हैं। उन्होंने सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी देखरेख में इतना भव्य प्रेरणा स्थल बनकर तैयार हुआ है। राज्य और केंद्र सरकारें लगातार देश की आम जनता की बेहतरी के काम कर रही हैं। इसी के साथ–साथ वह अतीत में हुए अपने राष्ट्र नायकों को सम्मान भी दे रही हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों की वजह से महंगाई दर कम हो रही है। इसी के साथ–साथ विकास दर आठ फीसदी हुई है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज मजबूत हुई है। अब भारत कुछ बोलता है तो पूरा विश्व ध्यान से सुनता है कि भारत कह क्या रहा है। पूरे विश्व में भारत की छवि बेहतर हुई है।

## बड़ी खुशखबरी! दिल्ली में अब कोई नहीं सोएगा भूखा

### खोली गईं 100 अटल कैंटीन, 5 रुपये में मिलेगा भरपेट खाना

**लंच का समयसुबह 11:30 से दोपहर 2 बजे तक**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर गुरुवार से 100 अटल कैंटीन शुरू करने जा रही है। इन कैंटीनों में सिर्फ 5 रुपये में खना मिलेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता गुरुवार को इन कैंटीनों का उद्घाटन करेंगी। सरकार का दावा है कि रोजाना करीब एक लाख दिल्लीवालों को इसका फायदा मिलेगा। इसके लिए सरकार ने 100 करोड़ रुपये का बजट तय किया है।

शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने बताया कि कुल 100 कैंटीन खोली जानी हैं। हालांकि ग्रैप-4 की पाबंदियों की वजह से कुछ जगहों पर काम पूरा नहीं हो पाया है लेकिन कोशिश है कि गुरुवार को सभी जगह लोगों को खाना मिल सके। उन्होंने बताया कि दोपहर का खाना सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक और रात का खाना शाम 6:30 से रात 9 बजे तक उपलब्ध रहेगा।



### 500 लोगों को मिलेगा एक बार में खाना

अधिकारियों के मुताबिक हर कैंटीन पर रोजना 1,000 लोगों को खाना दिया जाएगा। इसमें दोपहर में 500 और रात में 500 लोगों को खाना मिलेग। एक शख्स दोबारा खाना न ले सके, इसके लिए बायोमेट्रिक टोकन बेस्ड सिस्टम लगाया गया है। पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर खाना दिया जाएगा। यहां निगरानी के लिए हर सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

**सेंट्रलाइज्ड किचन से आएगा खाना :** अटल कैंटीन में खाना पकाने की इजाजत नही होगी। इसके लिए सेट्रलाइज्ड किचन बनाया गया है। पाच-पांच कैटीन का एक क्लस्टर बनाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर एक सर्विस प्रोवाइडर को एक से ज्यादा क्लस्टर भी दिए जा सकते है। खाने में मौसमी सब्जी, दाल, चावल, रोटी या चपाती और आचार शामिल होगा। कभी-कभी चावल के साथ राजमा या छोले भी दिए जाएंगे। हर प्लेट में कुल 600 ग्राम खाना मिलेगा।

**डिनर का समय- शाम 6:30 से रात 9 बजे तक**

**इन जगहों पर खुलेंगी कैंटीन :** अटल कैंटीन के लिए जिन प्रमुख जगहो को चुना गया है। इनमें शाहबाद दौलतपुर, संजय कैप बादली, खड्डा बस्ती समयपुर बादली, जहांगीरपुरी झुग्गी बस्ती, शालीमार बाग, तिमारपुर की इदिरा बस्ती, लाल बाग, भीमनगर, उद्योग नगर, महिपालपुर का अर्जुन कैप, ईस्ट सागरपुर, विकासपुरी का इंदिरा कैंप और वसत विहार का भवर सिंह कैंप शामिल हैं।

## उन्नाव दुष्कर्म केस में अपील दायर

### महिला वकीलों ने फैसले को दी चुनौती

**उन्नाव।** 2017 के उन्नाव दुष्कर्म केस मामले में पूर्व भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उनके जेल की सजा निलंबित करने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक विशेष याचिका दायर की गई है। मामले में वकील अंजले पटेल और पूजा शिल्पकार की ओर से दायर याचिका में हाई कोर्ट के फैसले पर तुरंत रोक लगाने की मांग की गई है। उन्होंने दलील दी कि हाई कोर्ट ने यह विचार किए बिना आदेश पारित किया कि ट्रायल कोर्ट ने सेंगर को शेष जीवन जेल में बिताने योग्य माना था।

उन्होंने कहा कि गंभीर आपराधिक रिकॉर्ड और दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों में उसकी पक्की संलिप्तता के बावजूद सेंगर को सजा निलंबित करके हाई कोर्ट ने कानून और तथ्यों दोनों के मामले में गंभीर गलती की है। याचिका में कहा गया 'हाई कोर्ट पीड़ित पक्ष की ओर से पेश किए गए सबूतों को समझने में नाकाम रहा, जो कि आरोपी की बर्बरता और क्रूरता को दिखाता है। इस बात का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि जब पीड़िता के पिता न्यायिक हिरासत में थे, तब आरोपी ने परिवार को चुप कराने और न्याय की प्रक्रिया को रोकने के लिए पीड़िता के पिता की हत्या की साजिश रची और उसे अंजाम दिया।'




बता दें कि 23 दिसंबर को, दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म केस में कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर दी। कोर्ट ने कहा कि सेंगर ने 7 साल और 5 महीने जेल में बिता लिए हैं, इसलिए उनकी सजा को निलंबित किया जाता है। हालांकि सेंगर जेल में ही रहेगा क्योंकि वह पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की सजा काट रहा है और उस मामले में उसे जमानत नहीं मिली है।

## कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलाव की अटकलें फिर तेज, खरगे ने डीके शिवकुमार से की मुलाकात

**बंगलूरू।** कर्नाटक की राजनीति में एक बार फिर हलचल बढ़ गई है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से बंगलूरू स्थित आवास पर मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर चचाएं तेज हो गईं। यह मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब कांग्रेस सरकार अपने कार्यकाल के आधे रास्ते पर पहुंच चुकी है।

मुलाकात के बाद शिवकुमार ने साफ किया कि उन्होंने कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं उठाया। उनके मुताबिक, चर्चा केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा की जगह नए कानून लाने और उस पर पार्टी के रुख को लेकर थी। उन्होंने कहा कि वह और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हाईकमान के फैसले का सम्मान करते हैं और उसी के अनुसार काम करेंगे।

**नेतृत्व विवाद पर स्थिति :** कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तब और तेज हुईं, जब सरकार ने पांच साल के कार्यकाल का आधा समय पूरा किया। हालांकि, खरगे पहले ही कह चुके हैं कि नेतृत्व को लेकर भ्रम केवल स्थानीय स्तर पर है, हाईकमान में नहीं। शिवकुमार ने इसे वरिष्ठ नेता की सलाह बताते हुए कहा कि पार्टी के अंदरूनी मामलों का समाधान संगठन के भीतर ही होगा।



**पार्टी कार्यकर्ता का संदेश :** शिवकुमार ने खुद को आजीवन पार्टी कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उन्होंने कांग्रेस के लिए हर स्तर पर काम किया है। पोस्ट या पद उनके लिए प्राथमिक नहीं है। जब उनसे मेहनत का इनाम मिलने पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

**मनरेगा पर बड़ा आंदोलन :** शिवकुमार ने केंद्र की नई योजना पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यह गरीबों, मजदूरों और किसानों के खिलाफ है। उन्होंने संकेत दिए कि राज्य कांग्रेस मनरेगा की बहाली के लिए बड़ा आंदोलन करेगी। 27 दिसंबर को होने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस मुद्दे पर रणनीति तय की जाएगी।

## 'सोशल मीडिया का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे जवान' गाइडलाइन जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने अपने जवानों के लिए सोशल मीडिया एप्स के इस्तेमाल पर नई नीति जारी की है। इसमें साफ किया गया है कि सेना के कर्मी किस तरह सोशल मीडिया एप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। सूचना के मुताबिक, इंस्टाग्राम जैसे एप्स का इस्तेमाल अब केवल जानकारी देखने और निगरानी करने के लिए किया जा सकेगा। जवान इंस्टाग्राम पर कोई कमेंट या अपनी राय साझा नहीं कर सकते। वहीं, स्काइप, व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे एप्स पर सामान्य और गैर-संवेदनशील जानकारी साझा करने की अनुमति दी गई है।



लेकिन ऐसी जानकारी केवल पहचान वाले लोगों के साथ ही साझा की जा सकती है। किसी को सही पहचान कर जानकारी भेजने की जिम्मेदारी उपयोगकर्ता की होगी। इसके अलावा, यूट्यूब, एक्स, क्वोरा और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर केवल जानकारी पाने या सीखने के लिए देखा जा सकता है। इन प्लेटफॉर्म पर कभी भी खुद का कंटेंट अपलोड नहीं किया जा सकता।

वहीं लिंक्डइन का इस्तेमाल केवल रिज्यूमे अपलोड करने या नौकरी/कर्मचारी संबंधी जानकारी हासिल करने के लिए किया जा सकेगा।

सेना अधिकारियों का कहना है कि यह कदम जवानों की सुरक्षा और संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

## गुजरात विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने दिया इस्तीफा

### दिया व्यस्त शेड्यूल का हवाला

**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा के डिप्टी स्पीकर जेठाभाई भरवाड़ ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसको लेकर राज्य सरकार ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। विज्ञप्ति के अनुसार भरवाड़ ने अपने व्यस्त शेड्यूल और अन्य जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए यह कदम उठाया है।

उन्होंने गांधीनगर में विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी के सरकारी आवास पर अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य भाजपा अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा भी मौके पर मौजूद थे। विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने भरवाड़ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

पंचमहल जिले के शेहरा क्षेत्र से छह बार विधायक रहे 75 वर्षीय



जेठाभाई भरवाड़ को 'जेठाभाई अहीर' के नाम से भी जाना जाता है। भाजपा के इस वरिष्ठ नेता को पहली बार सितंबर 2021 में डिप्टी स्पीकर चुना गया था और 2022 के विधानसभा चुनावों के बाद पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें फिर से इस पद की जिम्मेदारी सौंपी थी। राजनीति के साथ-साथ सहकारिता क्षेत्र में भी उनका बड़ा प्रभाव माना जाता है, और अब उनके इस्तीफे के बाद विधानसभा के नए डिप्टी स्पीकर के चयन को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं।

**सांसों पर अब भी संकट**

### दिल्ली से ग्रैप-4 हटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण-4 के तहत लागू सभी कड़े प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से हटा दिए गए हैं। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने यह फैसला तब लिया, जब राजधानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स तेजी से सुधरकर 271 पर आ गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। तेज हवाओं और अनुकूल मौसम ने इस सुधार में अहम भूमिका निभाई। ग्रैप स्टेज-4 को 13 दिसंबर को तब लागू किया गया था, जब दिल्ली का एक्यूआई 450 के पार पहुंच गया था।

**NAME CHANGED**

I, Devendra Singh SindhuH. No. 31, Street No. 1, Vardhmanpuram, Morta, Ghaziabad, declare that my name is wrongly mentioned in my daughter Drishti Sindhu school record as Devendra Sindhu. My correct name is Devendra Singh Sindhu.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 26 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# उत्तर प्रदेश में नये प्रदेश अध्यक्ष के बाद क्या होगा कुछ नया बदलाव
# गाजियाबाद के इन चेहरों पर क्या लौटेगी सियासी सफलता की मुस्कान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में जब संगठन में बड़ा परिवर्तन होता है तो इस परिवर्तन के इफैक्ट कस्बों से लेकर शहरों में आते हैं। कई बार तो किसी खास चेहरे की ताजपोशी होते ही ये अनुमान लगा लिये जाते हैं कि अब उस जिले के उन नेताओं की सियासी किस्मत पलटा मारेगी। परिवर्तन का असर होता है और बात आज गाजियाबाद की और बात भाजपा की। भाजपा में संगठन की बात करें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश के अध्यक्ष में बदलाव हुआ है। ये बदलाव इन मायनों में भी महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक वो चेहरे आये हैं जिनको किसी को उम्मीद नहीं थी। यानी इस बार गेम पलटा है और वो चेहरे नहीं आये हैं जिनका सब अनुमान लगा रहे थे। परिवर्तन हुआ है और इस परिवर्तन के इतने इफैक्ट गाजियाबाद की सियासत में आयेंगे। पुराने भाजपाई चेहरे हैं जो एक लम्बे समय से वेटिंग लिस्ट में माने जा सकते हैं। जिन चेहरों की बात कर रहे हैं उनमें समर्पित भाजपाई हैं, उनमें कर्मठ भाजपाई हैं, उन चेहरों में वो चेहरें शामिल हैं जो राउन्ड द क्लॉक भाजपा के लिए काम करतेहैं। अब जब नेतृत्व परिवर्तन हुआ तो क्या इन चेहरों की सियासी किस्मत में कुछ परिवर्तन होगा। क्या प्रदेश अध्यक्ष तक इन चेहरों की रिपोर्ट जायेगी।

*नोट ---- फिलहाल अभी इन चेहरों पर बात हुई है और करंट क्राइम का ये अभियान जारी रहेगा। आगामी अंक में कृपा पात्र अन्य चेहरों के नामों का भी जिक्र होगा। उनकी सियासी योग्यता और योगदान दोनों पर ही विचार , मंथन और चिंतन होगा।*

## सियासी कुशलता और सिद्धांतवादी राजनीति का चेहरा हैं रामनरेश रावत



करंट क्राइम। भाजपा की बात करें और भाजपा के पुराने चेहरों की बात करें तो यहां सबसे पहला नाम पूर्व विधायक रामनरेश रावत का आता है। सम्पन्न , प्रतिष्ठित किसान परिवार से आते हैं। बिट्स प्लानिंग से शिक्षा हांसिल की है, हॉकी के कुशल खिलाड़ी रहे हैं। कॉलेज के दिनों से ही राजनीति में रूची रखते हैं। गढ़ क्षेत्र से विधायक रहे हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि पूर्व विधायक राम नरेश रावत राजनीति का एक ऐसा चेहरा हैं जो सिद्धांतों को सर्वोपरि रखते हैं। और वक्ता बेहद बेबाक और शानदार हैं। समसामयिक मुददों से लेकर किसानों के मुददों पर मजबूत जानकारी रखते हैं। राजनीति में काम करने का उनका अपना स्टाईल है। एक लम्बे समय से वो वेटिंग लिस्ट में हैं। ये उनकी सियासी खुददारी है कि वो खुद नहीं मांगेगे और अब सवाल ये है कि जब राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक बदलाव हुआ है तो क्या ये बदलाव रामनरेश रावत के लिए भी कोई संकेत लेकर आयेगा। क्या इस बदलाव के बाद राजनीति में उनके कद के अनुरूप उनका कहीं समायोजन हो पायेगा।

## प्रभारी वाली पारी खेल रहे राजा वर्मा को मिलेगी क्या जनप्रतिनिधि वाली जिम्मेदारी



करंट क्राइम। राजा वर्मा भाजपा के नेता हैं और बड़ी जिम्मेदारी उनके पास रही है। वो भाजपा किसान मोर्चा के लगातार तीन बार प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। वो कृषक स्मृधि आयोग के सदस्य रहे हैं। पार्टी विचारधारा से पूरी तरह ताल मिलाते हैं। कभी भी वो पार्टी प्रॉटोकॉल से दाये या बांये नहीं जाते हैं। भाजपा का ये जाट चेहरा लगातार दो योजनाओं से विधानसभा की दावेदारी में है। अच्छे वक्ता हैं और गैर विवादित तरीके से राजनीति करते हैं। बड़ा सवाल ये है कि अब वो एक महानगर की प्रभारी वाली जिम्मेदारी निभा रहे हैं। देखना यही है कि नये प्रदेश अध्यक्ष और नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के बाद क्या राजा वर्मा को जनप्रतिनिधि वाली पारी खेलने का मौका मिलता है।

## क्या पवन गोयल को मिलेगा विधान परिषद में जाने का मौका



करँट क्राइम। पवन गोयल एक्टिव नेता हैं और वो लगातार दो बार से विधानसभा चुनावों की दावेदारी में रहे हैं। सांसद अतुल गर्ग के इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई शहर सीट पर उपचुनाव के लिए भी उन्होंने दावेदारी की थी। लेकिन बात नहीं बनी और अब सबकी नजर इस बात पर है कि नये परिवर्तन का सीधा लाभ पवन गोयल को कितना होगा। पवन गोयल भाजपा के पुराने नेता हैं , वो सबसे कम आयु के पार्षद रहे हैं। पहली पारी में उन्हें जीडीए बोर्ड सदस्य बनाया गया था। जिसे वो दूसरी पारी में भी आधे से ज्यादा खेल चुके हैं। वो क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष रहे हैं और मौजूदा समय में प्रकोष्ठ के संयोजक हैं। इतने पुराने भाजपाई को भाजपा का नया संगठन क्या तवज्जो देता है ये देखने की बात है।

## क्या बनेगा ऐसा संयोग कि प्रदीप चौहान जायेंगे आयोग

करंट क्राइम। लाईफ टाइम और मूल भाजपाई की बात करें तो प्रदीप चौहान का नाम पहली पंक्ति के भाजपा नेताओं में आता है। 1984 में भाजपा से जुड़े और आज तक भाजपा की विचारधारा से कभी मन नहीं भटका। हमेशा



एक कार्यकर्ता की तरह काम करते हैं। पार्षद रहे हैं और क्षेत्रीय कमेटी में एससीएसटी प्रकोष्ठ के महामंत्री हैं। सफाई कर्मचारियों से लेकर बाल्मिकी समाज के एकछत्र नेता माने जाते हैं। समपर्ण , सक्रियता दोनों ही मानकों पर पूरी तरह खरे उतरते हैं। लेकिन भाजपा का ये इतना पुराना और समर्पित चेहरा आज भी अपनी बारी का इंतजार कर रहा है। विधानपरिषद में जाने का कितना मौका मिलता है ये नये संगठन पर निर्भर करता है। अब जब राष्ट्रीय अध्यक्ष नये आ गये हैं और प्रदेश अध्यक्ष नये आ गये हैं तो परिवर्तन की इस घड़ी में प्रदीप चौहान के लिए भी वो शुभ घड़ी आयेगी जब उन्हें भी एमएलसी बनने का मौका मिलेगा या फिर ऐसा योग बनेगा कि वो सफाई कर्मचार आयोग में लिये जायेंगे। लाईफ टाईम अचीवमेंट अवॉर्ड क्या इस भाजपाई के हिस्से में भी आयेगा।

## बौद्धिक चिंतन के फेस पृथ्वी सिंह कसाना का क्या रहेगा फसाना



करंट क्राइम। पृथ्वी सिंह कसाना भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और पिछली पारी में उनके पास जिम्मेदारी के नाम पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वाला दायित्व था। एक लम्बे समय से भाजपा से जुड़े हैं। गुर्जर राजनीति का चेहरा हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि वो भाजपा की बौद्धिक चिंतन वाली राजनीति का फेस हैं। शिक्षाविद हैं और विवादों से दूर रहते हैं। परिवर्तन की बहार का कितना असर इस चेहरे पर पड़ता है ये समय बतायेगा।

## समरकूल मैन संजीव गुप्ता के लिए कितना फायदेमंद रहेगा ये परिवर्तन



करंट क्राइम। संजीव गुप्ता कारोबारी हैं और शहर के एक ऐसे उद्यमी हैं जिन्होंने गाजियाबाद का नाम उत्तर प्रदेशक` पूर्वांचल से लेकर देश के कई राज्यों में किया है। अपने उद्योग को अपनी उद्यमिता के बल पर आगे बढ़ाया है। धार्मिक और सामाजिक संस्कारों में आगे रहने वाला ये चेहरा भाजपा की राजनीति का एक ऐसा चेहरा है जो वास्तव में सबके लिए कूल रहता है। भाजपा के प्रति समर्पित रहते हैं और महानगर कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी उनके पास है। कई बार उनका नाम आयोग वाली रेस में भी चला है और विधानपरिषद वाले फ्रेम में भी उनके नाम की चर्चा होती है। राष्ट्र और प्रदेश में हुए संगठन परिवर्तन का कितना परिवर्तन संजीव गुप्ता के पॉलिटिकल कैरियर में होगा ये देखने की बात है।

## पुराने किस्से के बाद नये हिस्से में कितनी कृपा होगी अजय शर्मा पर



करंट क्राइम। अजय शर्मा संगठन के कार्यकर्ता हैं और हिन्दुत्व वादी भाजपा राजनीति का फेस हैं। कार्यकर्ताओं के साथ सामन्जस्य बनाकर काम करते हैं। महानगर अध्यक्ष रहे हैं। क्षेत्रीय टीम में पदाधिकारी हैं और प्रदेश स्तरीय दायित्व उनके पास है। पुराने किस्से की बात अब छोड़ दी जाये तो ये देखना है कि परिवर्तन के बाद उनके हिस्से में कौन सी कृपा आती है। सफल कार्यक्रम आयोजित करायें हैं और टीम के साथ साथ पार्टी के समर्पित चेहरे हैं। टिकट दावेदारी में रहे हैं और अब सरकारी कृपा से लेकर संगठन कृपा का इंतजार है।

## बृजपाल तेवतिया की राजनीति में आयेगी परिवर्तन की कितनी बहार



करंट क्राइम। भाजपाई राजनीति के सक्रिय चेहरों की बात करें तो यहां बृजपाल तेवतिया के नाम को इग्नोर नहीं किया जा सकता है। भाजपा की जाट राजनीति का बड़ा चेहरा हैं, निगम के पार्षद रहे हैं और मुरादनगर विधानसभा का चुनाव बेहद मजबूती से लड़ा था। उनपर हुए जानलेवा हमले के बाद से ये चेहरा अचानक से साईड लाईन हो गया। लेकिन कहते हैं कि भाजपा में कोई साईड लाईन नहीं होता और कभी भी किस्मत चमक सकती है। तो ऐसे में ये इंतजार रहेगा कि बृजपाल तेवतिया जैसे समर्पित कार्यकर्ता पर परिवर्तन की कितनी बहार आयेगी।

## विजय मोहन की पॉलिटिकल किस्मत में आयेगा कितना असर



करंट क्राइम। भाजपा राजनीति की बात करें तो विजय मोहन एक ऐसा चेहरा हैं जो महानगर अध्यक्ष रहे हैं। जो क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और भाजपा का कोई भी चुनाव विजय मोहन की भागीदारी के बिना पूरा नहीं होता। कर्मठ कार्यकर्ता हैं और पेशे से अधिवक्ता हैं। लिहाजा नामांकन से लेकर प्रचार तक वो पार्टी उम्मीदवार के साथ रहते हैं। स्पष्ट वक्ता हैं, शानदार वक्ता हैं और मुददों की गहरी समझ हैं। उपचुनाव में दावेदारी में उनका नाम चला। अब जब परिवर्तन व्यापक हुआ है तो यही देखना है कि विजय मोहन जैसे सीनियर भाजपाई पर परिवर्तन की कितनी बहार आती है।

## कृष्ण वीर सिरोही पर होगी बदलाव की कितनी कृपा



करंट क्राइम। कृष्ण वीर सिरोही विधायक रह चुके हैं और पुराने भाजपाई हैं। संगठन के कामों में कुशल माने जाते हैं। नये परिवर्तन के बाद जिन चेहरों का जिक्र हो रहा है उनमें पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही का भी जिक्र होता है। देखना यही है कि परिवर्तन के बाद उन पर कोई कृपा होती है कि नहीं।

## पूर्व मेयर अशु वर्मा ने निभाया है लगातार अटल परंपरा की जिम्मेदारी को
### अटल जयंती पर नेत्र रोगियों के लिए कराते हैं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** किसी भी परम्परा को शुरू करना एक अलग बात है लेकिन उससे भी अलग बात ये है कि एक बार परम्परा शुरू कर दी तो फिर लगातार उसका निर्वहन करना। अशु वर्मा ने भारत रत्न स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती के पावन अवसर पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर की परम्परा का शुभारम्भ किया। ये एक प्रशंसनीय बात है कि लगातार 88 वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ। मुरादनगर के किसान इंटर कॉलेज में वरदान चिकित्सालय के तत्वाधान में जब चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ तो यहां पूर्व मेयर अशु वर्मा का एक सियासी किरदार भी सामने आया। और वो ये है कि वो अपने संकल्प के प्रति कितने जिम्मेदार हैं। लगातार 88 शिविर का आयोजन कराना कोई हंसी खेल नहीं होता है। इसके अलावा एक मानवीय चेहरा ये भी है कि वो देहात क्षेत्र के उस वर्ग का कितना ख्याल रखते हैं जो नेत्र रोगी है और चिकित्सा का खर्च वहन नहीं कर सकता। बड़ा आयोजन कराते हैं, अनुभवी नेत्र चिकित्सकों को ग्राम वासियों क लिए उपलब्ध कराते हैं। ये पूर्व मेयर के प्रयासों की सफलता है कि शिविर में एक दिन में 50 - 100 लोग नहीं बल्कि यहां 306 लोग आते हैं। मैनेजमेंट इतना बेहतरीन कि सभी 306 लोगों की नेत्र जांच होती है। यहां पर अटल जयंती का एक सुन्दर संदेश उन मरीजों के लिए है जो नेत्र चिकित्सा शिविर में है और उन्हें ऑपरेशन के लिए वो पर्ची मिलती है जिसमें उन्हें कोई खर्च नहीं करता है। उनकी आंखों का ऑपरेशन पूरी तरह से नि शुल्क होगा। ये लोग भी दस बीस या तीस नहीं हैं बल्कि ये 98 लोग हैं। शतक से केवल दो कदम दूर ये आंकड़ा है। पूर्व मेयर अशु वर्मा का ये आयोजन मानवता का संदेश लेकर प्रथम है और यहां राजनीति नहीं बल्कि पूरी तरह से मानव सेवा का संदेश है।ये वास्तव में एक सच्ची श्रद्धांजलि है और इससे बेहतर श्रद्धांजलि क्या होगी कि अटल जयंती पर 306 लोगों के नयन पटल की निशुल्क जांच होती है। 98 लोगों को निःशुल्क चिकित्सा के उपचार का उपहार मिलता है। एक सकारात्मक परिवर्तन, एक सकारात्मक सोच और सबसे बड़ी बात ये कि एक ऐसा आयोजन जिसमें धर्म, जाति का कोई भेदभाव नहीं है। ये आस्था है और ये सेवा है। पूर्व मेयर अशु वर्मा वास्तव में इस आयोजन के जरिये उन लोगों को एक बड़ी राहत देते हैं जो नेत्र रोग से पीड़ित हैं। यहां पर देहात का संकल्प भी दिखाई देता है। अशु वर्मा चाहें तो वो इस शिविर को शहर में भी आयोजित कर सकते हैं, लेकिन यहां पर वो अपनी जड़ों से जुड़े हुए दिखाई देते हैं। ग्रामीण परिवेश का उनका लगाव नजर आता है। एक पूरी टीम के साथ परिवार की तरह इस आयोजन को करते हैं।

देखने सुनने में ये आसान लग सकता है लेकिन लगातार सेवा का ये काफिला लेकर चलना और हर वर्ष ये आयोजन कराना कोई हंसी खेल नहीं है, ये तभी संभव हो ता है जब व्यक्ति के मन में सेवा का भाव हो। सेवा के लिए मन पूरी तरह संकल्पित हो। यहां इस जज्बे पर अशु वर्मा पूरी तरह खरे उतरे हैं। पूर्व मेयर की क्षेत्र के लोगों की आंखों को लेकर की जा रही ये केयर वास्तव में प्रशांसा के काबिल है। लोग दुआयें भी देते हैं। लोग आशीर्वाद भी देते हैं और जब सैंकड़ों लोगों की आंखे साफ और स्पष्ट देखने के काबिल होती हैं तो उस खुशी का अंदाजा लगाया जा सकता है। अटल जयंती पर सेवा का एक संदेश इस नेत्र चिकित्सा शिविर से निकलता है।

# सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन, खेल प्रतिभाओं को मिला संगठित मंच
# अतुल गर्ग के निर्देशन में खिलाड़ियों को मिला सम्मान

### कविनगर रामलीला मैदान में 2000 से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** युवाओं में खेल भावना को सुदृढ़ करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देने के उद्देश्य से आयोजित सांसद खेल महोत्सव का भव्य समापन समारोह 25 दिसंबर 2025 को कविनगर स्थित रामलीला मैदान में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।




इस आयोजन में लगभग 2000 खिलाड़ी, खेल प्रेमी, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना का वातावरण बना रहा।

उल्लेखनीय है कि सांसद अतुल गर्ग के मार्गदर्शन में पूर्व में भी गाजियाबाद में खेल, युवा और सामाजिक सहभागिता से जुड़े कई सफल आयोजन संपन्न हो चुके हैं। उन्हीं आयोजनों की निरंतरता में आयोजित सांसद खेल महोत्सव ने जिले के खिलाड़ियों को एक साझा मंच प्रदान किया और खेल गतिविधियों को सुव्यवस्थित रूप दिया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। खेलों से अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है, जो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होती है। महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के रोमांचक मुकाबले दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। आयोजकों द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के खेल आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

### उपस्थिति रहे लोग

समापन अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, खेल प्रशिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से संयोजक पप्पू पहलवान, विधायक संजीव शर्मा, विधायक अजितपाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, ब्लॉक प्रमुख निशांत शिसोदिया, चेयरमैन पिलखुआ विभु बंसल, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल, अनुज मित्तल, हिमांशु शर्मा, गोपाल अग्रवाल, संजय कुशवाहा, चमन चौहान, मंडल अध्यक्ष वरुण नागर, महिमा गुप्ता, पवन शर्मा, धर्मेंद्र चौधरी, हेमराज माहौर, अनिल शर्मा, हरमीत बख्शी, श्याम शर्मा, विनिल दत्त, गोपाल शिसोदिया, राजीव शर्मा, संदीप पाल, ऋषभ शर्मा, कामेश्वर त्यागी, सुशील गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन खिलाड़ियों और आयोजकों के आपसी सहयोग से संभव हो सका।

## व्यवस्थित आयोजन के सूत्रधार संयोजक रहे पप्पू पहलवान



करंट क्राइम। सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन में संयोजक पप्पू पहलवान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। प्रतियोगिताओं की योजना, खिलाड़ियों का समन्वय, समयबद्ध संचालन और समापन समारोह तक पूरे आयोजन में उनकी सक्रिय भूमिका दिखाई दी। खिलाड़ियों एवं खेल प्रशिक्षकों ने आयोजन को सुव्यवस्थित और सफल बनाने में उनके योगदान की सराहना की।

## संपादकीय

# प्रदूषण पर सियासत हावी

दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का एक पहलू यह भी है कि मूल समस्या की जड़ तक जाने की बजाय इस पर राजनीति ज्यादा हावी होने लगी है। सियासी दल अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही से पल्ला झाड़ने के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते रहते हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल सर्दियां आते ही यहां के बाशिंदों की सांसों पर संकट मंडराने लगता है। सरकार के तमाम दावों के बावजूद यहां की वायु स्वच्छ नहीं हो पा रही है। हवा में घुलता प्रदूषण का जहर आमजन की सेहत पर भारी पड़ रहा है। हालत यह है कि मंगलवार को दिल्ली का वायु गणवत्ता सूचकांक चार सौ अंक पार कर गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। दिल्ली से सटे नोएडा की पहचान तो देश के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में की गई।

दिल्ली हाई कोर्ट ने भी बुधवार को इस पर चिंता जताई और कहा कि ऐसी आपात स्थिति में सरकार को वायु साफ करने वाले उपकरणों (एअर प्यूरीफायर) पर कर में छूट देने को लेकर विचार करना चाहिए। इसके लिए जीएसटी परिषद को जल्द से जल्द बैठक बुलाने का निर्देश दिया गया। ऐसे में सवाल है कि आखिर शासन एवं प्रशासन प्रदूषण से निजात दिलाने के लिए कोई स्थायी एवं प्रभावी योजना लागू क्यों नहीं कर पा रहे हैं? इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि जो उपाय लागू किए गए हैं, क्या उन पर व्यावहारिक रूप से अमल हो पा रहा है या नहीं।

यह लंबे समय से बहस का विषय रहा है कि आखिर दिल्ली में प्रदूषण क्यों बढ़ रहा है। इसके लिए कभी पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं को जिम्मेदार ठहराया जाता है, तो कभी दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती वाहनों की संख्या तथा उद्योग और निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कार्यों को वजह बताया जाता है। मगर इन दिनों तो पराली जलाने की घटनाएं भी बहुत कम सामने आ रही है, फिर दिल्ली की वायु गुणवत्ता का स्तर गंभीर श्रेणी तक कैसे पहुंच रहा है! जाहिर है कि इसके पीछे कोई एक वजह नहीं हो सकती, इसलिए प्रदूषण के सभी स्रोतों का ईमानदारी से आकलन करने की जरूरत है। दूसरा, यह सवाल भी महत्त्वपूर्ण है कि दिल्ली उच्च न्यायालय के सुझाव पर अगर वायु साफ करने वाले उपकरणों पर सरकार जीएसटी में छूट दे देती है, तो इसका लाभ भी आर्थिक रूप से सक्षम तबके तक ही सीमित रहेगा। बाकी आम लोगों को तो जहरीली हवा में ही सांस लेना पड़ेगा, उनके स्वास्थ्य की चिंता कौन करेगा। जबकि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय अपने एक आदेश में कह चुका है कि स्वच्छ हवा पर सभी नागरिकों का अधिकार है। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण का एक पहलू यह भी है कि मूल समस्या की जड़ तक जाने की बजाय इस पर राजनीति ज्यादा हावी होने लगी है। सियासी दल अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही से पल्ला झाड़ने के लिए एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते रहते हैं। दिल्ली में सत्तारूढ़ दल भाजपा का तर्क है कि आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कारगर कदम नहीं उठाए गए।

## 2025 में मिडकैप-स्मॉलकैप की चाल फीकी

# ऊंचे वैल्यूएशन और एफआईआई बिकवाली के बीच सेंसेक्स ने दिखाई मजबूती

**नई दिल्ली।** 2025 में शेयर बाजार में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा, जबकि सेंसेक्स मजबूती के साथ आगे बढ़ा। इसकी मुख्य वजह पिछले दो वर्षों की तेज तेजी के बाद ऊंचे वैल्यूएशन पर मुनाफावसूली और बाजार का सामान्यीकरण रहा। रुपये में गिरावट, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं को लेकर अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से छोटे शेयरों पर दबाव बढ़ा। इस साल शेयर बाजार में छोटे और मझोले शेयरों का प्रदर्शन बड़े ब्लू-चिप शेयरों के मुकाबले कमजोर रहा। पिछले दो वर्षों की तेज तेजी के बाद ऊंचे वैल्यूएशन पर मुनाफावसूली शुरू हुई, जिसका असर मिडकैप और स्मॉलकैप सेगमेंट पर साफ दिखा।



विश्लेषकों का कहना है कि 2025 में मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों की कमजोरी दरअसल बाजार के सामान्यीकरण (मार्केट नॉर्मलाइजेशन) का नतीजा है। 2023 और 2024 में इन शेयरों ने असाधारण रिटर्न दिए थे, जिसके बाद कीमतें कमाई की तुलना में काफी ऊपर चली गई थीं। इसके अलावा रुपये में गिरावट, भारत-अमेरिका व्यापार वार्ताओं को लेकर अनिश्चितता और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली ने भी व्यापक बाजार में जोखिम से बचने (रिस्क-ऑफ) का माहौल बनाया।

**आगे की राह :** बाजार जानकारों की राय में छोटे और मझोले शेयरों को लेकर आगे का नजरिया सतर्क लेकिन सकारात्मक है। जैसे-जैसे वैल्यूएशन ठंडे पड़ेंगे और कमाई की स्पष्टता बढ़ेगी, चुनिंदा शेयरों में मौके बन सकते हैं। भारत की स्थिर जीडीपी वृद्धि और मजबूत घरेलू लिक्विडिटी से भी समर्थन मिलने की उम्मीद है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि आगे व्यापक तेजी तभी आएगी जब कमाई में ठोस सुधार दिखेगा। अगला दौर लिक्विडिटी नहीं, बल्कि मजबूत बुनियादी कारकों (फंडामेंटल्स) से संचालित होने की संभावना है। रुपये की स्थिरता भी एक अहम भूमिका निभाएगी, अगर मुद्रा दबाव कम होता है तो मिडकैप और स्मॉलकैप फिर से बड़े शेयरों के साथ प्रदर्शन का अंतर पाट सकते हैं।

### उतार-चढ़ाव के स्तर

बीएसई मिडकैप इंडेक्स ने इस साल 18 नवंबर को 47,549.4 का स्तर छुआ, जबकि इसका रिकॉर्ड उच्च स्तर सितंबर 2024 में 49,701.15 रहा था। स्मॉलकैप इंडेक्स ने जनवरी 2025 में 56,497.39 का एक साल का उच्च स्तर बनाया, लेकिन अप्रैल में गिरकर 41,013.68 तक आ गया। वहीं सेंसेक्स ने दिसंबर में 86,159.02 का अब तक का सर्वोच्च स्तर हासिल किया।

2024 में बीएसई का बेंचमार्क सेंसेक्स 5,898.75 अंक या 8.16 प्रतिशत बढ़ा, और निफ्टी 1,913.4 अंक या 8.80 प्रतिशत बढ़ा था। पिछले साल बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 12,506.84 अंक या 29.30 प्रतिशत चढ़ा और मिडकैप सूचकांक 9,605.44 अंक या 26.07 प्रतिशत बढ़ा था।

वहीं 2023 में, बीएसई बेंचमार्क 11,399.52 अंक या 18.73 प्रतिशत बढ़ गया था। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 2023 में 13,746.97 अंक या 47.52 प्रतिशत बढ़ा, जबकि मिडकैप सूचकांक 11,524.72 अंक या 45.52 प्रतिशत चढ़ा। 2022 में, बीएसई मिडकैप इंडेक्स 344.42 अंक या 1.37 प्रतिशत बढ़ा, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 530.97 अंक या 1.80 प्रतिशत गिरा। बीएसई का सूचकांक 2022 के अंत में 4.44 प्रतिशत या 2,586.92 अंकों की वार्षिक वृद्धि के साथ समाप्त हुआ था।

# भारत-अमेरिका के बीच संतुलित व्यापार समझौते की कोशिश तेज, अंतरिक्ष सहयोग बना रिश्तों की मजबूत कड़ी: क्वात्रा

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार व टैरिफ पर बातचीत जारी है और दोनों देश जल्द संतुलित व्यापार समझौते की कोशिश में हैं। राजदूत विनय मोहन क्वात्रा के अनुसार, अंतरिक्ष सहयोग भारत-अमेरिका रिश्तों का अहम आधार बना है। अमेरिकी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण और Axiom-4 व NISAR मिशन जैसी पहलें साझेदारी को मजबूत कर रही हैं।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार व टैरिफ को लेकर लगातार बातचीत जारी है और दोनों देश जल्द से जल्द एक पारस्परिक रूप से लाभकारी और संतुलित व्यापार समझौते पर पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने यह बात एक साक्षात्कार में कही।



क्वात्रा ने कहा कि भारत, अमेरिका के संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसआर) के साथ लगातार संपर्क में है। उन्होंने बताया कि पूरे साल भारत-अमेरिका रिश्तों की दिशा पीएम मोदी की फरवरी में हुई अमेरिका यात्रा के दौरान तय हो गई थी, जहां दोनों देशों ने कई अहम क्षेत्रों में ठोस और व्यापक सहमति बनाई थी। इनमें अंतरिक्ष सहयोग भी एक प्रमुख क्षेत्र रहा।

### अमेरिकी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण को दोनों देशों के लिए बहुत अहम

राजदूत ने भारत द्वारा हाल ही में एक अमेरिकी संचार उपग्रह के सफल प्रक्षेपण को भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए बहुत अहम और बड़ा दिन बताया। उन्होंने कहा कि यह 2025 के दौरान दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष सहयोग में हुई उपलब्धियों की कड़ी का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) के सबसे भारी रॉकेट LVM3-M6 ने अमेरिका की कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल द्वारा विकसित अगली पीढ़ी के वाणिज्यिक संचार उपग्रह ब्लूबर्ड-6 को सफलतापूर्वक उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया।

# पांच साल बाद लेबर कोड्स लागू करने की प्रक्रिया तेज

## 2026 में होंगे पूरी तरह प्रभावी: ईपीएफओ 3.0 की भी तैयारी

**नई दिल्ली।** सरकार ने पांच साल बाद चारों लेबर कोड्स को पूरी तरह लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो 2026 में नियमों के साथ पूर्ण रूप से प्रभावी होंगे। नए साल में EPFO 3.0 लाने की भी योजना है, जिससे पीएफ निकासी, पेंशन और बीमा दावों की प्रक्रिया आसान और तेज होगी।

सरकार ने पांच साल के लंबे इंतजार के बाद चारों लेबर कोड्स को लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। सरकार के अनुसार, इन संहिताओं से जुड़े नियम जारी होने के बाद वर्ष 2026 में ये पूरी तरह प्रभावी हो जाएंगी। इससे देशभर के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

श्रम मंत्रालय ने 2026 में ईपीएफओ 3.0 लाने की भी योजना बनाई है। इसके तहत कर्मचारी भविष्य निधि की निकासी प्रक्रिया और तेज होगी।

### 2025 भारत के श्रम और रोजगार तंत्र के लिए परिवर्तनकारी वर्ष रहा

केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि 2025 भारत के श्रम और रोजगार तंत्र के लिए परिवर्तनकारी वर्ष रहा है। उन्होंने बताया कि 21 नवंबर 2025 से चारों लेबर कोड्स लागू हो गए हैं, जिनके तहत 29 पुराने श्रम कानूनों को एक आधुनिक और सरल ढांचे में समाहित किया गया है।

मंत्री ने कहा कि 2026 में सरकार का फोकस तकनीक आधारित सेवाओं, जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और लेबर कोड्स के नियमों को लागू करने पर होगा। इससे कार्यस्थलों पर स्पष्टता, समानता और पूर्वानुमेयता बढ़ेगी व भारत एक आधुनिक, औपचारिक और समावेशी श्रम बाजार की ओर तेजी से बढ़ेगा।

### दो वर्षों में 3.5 करोड़ रोजगार सृजित करने का लक्ष्य

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत करीब एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय से अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है। लगातार नीतिगत प्रयासों के चलते सामाजिक सुरक्षा कवरेज 10 साल पहले के 19 प्रतिशत से बढ़कर अब 64 प्रतिशत से अधिक हो गया है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली है।

# एसपी ओसवाल डिजिटल गिरफ्तारी केस: ईडी की 5 राज्यों में 11 ठिकानों पर छापेमारी, 7 करोड़ की साइबर ठगी का खुलासा

**नई दिल्ली।** ईडी ने लुधियाना के उद्योगपति एसपी ओसवाल की डिजिटल गिरफ्तारी से जुड़े धन शोधन मामले में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और असम में 11 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच में सामने आया कि ठगों ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर जाली दस्तावेजों के जरिए ओसवाल से 7 करोड़ रुपये ट्रांसफर कराए। लुधियाना के प्रख्यात उद्योगपति एसपी ओसवाल के डिजिटल गिरफ्तारी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), जालंधर क्षेत्रीय कार्यालय ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और असम में 11 स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत रेड की है। तलाशी के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण बरामद कर जब्त किए गए हैं।



**जांच के दौरान खुले कई राज :** जांच के दौरान यह भी पता चला कि पीड़ितों से ठगी गई रकम को व्यक्तियों के एक समूह द्वारा तुरंत विभिन्न फर्जी खातों में डायवर्ट कर दिया गया था। उन खातों की जानकारी का इस्तेमाल रूमी कलिता द्वारा ठगी गई रकम के एक निश्चित प्रतिशत के बदले में किया जा रहा था, जो उन्हें उनके हिस्से के रूप में दिया जाना था।

तलाशी के दौरान जुटाए गए विभिन्न आपत्तिजनक सबूतों से पता चलता है कि वह अपराध की आय के डायवर्जन और लेयरिंग में गहराई से शामिल थीं। तलाशी के दौरान, सुश्री रूमी कलिता को 23.12.2025 को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था। सीजेएम कोर्ट, कामरूप (एम) गुवाहाटी द्वारा उनकी 4 दिनों की ट्रांजिट रिमांड मंजूर की गई थी।

### सीबीआई अधिकारियों का रूप धारण कर धोखेबाजी को दिया अंजाम

ईडी की जांच में पता चला है कि एसपी ओसवाल की डिजिटल गिरफ्तारी के दौरान, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों का रूप धारण करने वाले धोखेबाजों ने जाली आधिकारिक और न्यायिक दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें विभिन्न खातों में 7 करोड़ रुपये स्थानांतरित करने के लिए मजबूर किया था। बाद में इसमें से 5.24 करोड़ रुपये खातों से बरामद कर वापस भेज दिए गए। शेष धनराशि विभिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों (मजदूरों/डिलीवरी बॉय) के नाम पर बनाए गए विभिन्न फर्जी खातों में स्थानांतरित कर दी गई, जिन्हें या तो आगे डायवर्ट कर दिया गया या तुरंत नकद में निकाल लिया गया।

# गोल्डमैन सैक्स का अनुमान: 2026-27 में भी भारत रहेगा सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में

### जीडीपी ग्रोथ 6.8% तक

**नई दिल्ली।** गोल्डमैन सैश ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता के बीच भारत आने वाले वर्षों में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा। रिपोर्ट में भारत की जीडीपी वृद्धि 2026 में 6.7% और 2027 में 6.8% रहने का अनुमान है, जो आम अनुमानों से अधिक है। वैश्विक आर्थिक विकास के स्थिर रहने की उम्मीद के बीच अगले साल भी भारत तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा।



गोल्डमैन सैश के अनुसार, 2026 में वैश्विक विकास दर के 2.8 फीसदी रहने का अनुमान है। यह 2.5 फीसदी के आम सहमति अनुमान से अधिक है। यह कई अर्थव्यवस्थाओं में स्थिर महंगाई और आसान मौद्रिक स्थितियों के कारण संभव हो पा रहा है।

**अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में कम होगा मूल्य का दबाव :** गोल्डमैन सैश का अनुमान है कि कमोडिटी की कम कीमतों, बेहतर उत्पादकता और आपूर्ति पक्ष की बाधाओं में कमी से 2026 के अंत तक अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में मूल्य दबाव कम हो जाएगा। इस माहौल से कई उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों को उदार नीतिगत रुख बनाए रखने या अपनाने की अनुमति मिलने की संभावना है, जो भारत जैसे देशों के लिए विकास की संभावनाओं को और अधिक समर्थन दे सकता है। चीन की विकास दर 4.8% फर्म का अनुमान है कि चीन 2026 में 4.8 और 2027 में 4.7 फीसदी की दर से विकास करेगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शनि के छल्ले ठोस नहीं हैं वे बर्फ, धूल और चट्टान के टुकड़े से बने होते हैं।
- आंखों के लिए, अंतरिक्ष में, सूरज सफेद दिखाई देगा, पीला नहीं।
- कछुआ अंतरिक्ष यात्री से पहले चंद्रमा परिक्रमा किया था: वह एक रूसी अंतरिक्ष जांच का परीक्षण करने के लिए भेजा गया था।
- अगर मनुष्य को बिना किसी सुरक्षा उपाय के स्पेस में छोड़ दिया जाए तो वह केवल 2 :00 मिनट तक ही जीवित रहेगा।
- अंतरिक्ष यात्री जब अंतरिक्ष का सफर कर पृथ्वी पर लौटते हैं तो उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के हिसाब से ढलने में समय लगता है। अंतरिक्ष की तरह वह पृथ्वी पर भी चीजों को हाथ से छोड़ देते हैं। लेकिन पृथ्वी पर चीजें जमीन पर गिर जाती हैं और टूट जाती हैं।
- अंतरिक्ष में पहली मानव निर्मित वस्तु जर्मन वी 2 रॉकेट थी।
- उत्तर कोरिया की अंतरिक्ष एजेंसी को नाडा कहा जाता है, जो स्पेनिश में 'कुछ नहीं' होता है।
- स्पेससूट में सीटी बजाना असंभव है।
- अंतरिक्ष में जन्मे काकरोच पृथ्वी पर जन्मे तिलचट्टे से तेज, ताकतवर, सख्त, और तेज हो जाते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन मध्यम फलदायक रहेगा। मानसिक तनाव बढ़ेगा और कमजोरी महसूस हो सकती है इसलिए बीमार पड़ने की संभावना रहेगी, थोड़ा ध्यान रखें।

**वृष:** आपके व्यापार-धंधे में प्रवास होगा और उसमें लाभ होगा। रोमांटिक जीवन में भी आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। अपने साथी के साथ खूब मस्ती करने वाले हैं।

**मिथुन:** आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के नौकरीपेशा वालों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है। ऑफिस में काम ज्यादा हो सकता है।

**कर्क:** आपके लिए आज का दिन मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। आज आप खूब जमकर मेहनत करेंगे जिससे आपको अच्छे नतीजे हासिल होंगे।

**सिंह:** आज दोस्तों के साथ मस्ती करने का मौका मिलेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के सम्बंध में शिकायत रहेगी। माता-पिता की मदद से कोई बड़ी समस्या हल होगी।

**कन्या:** दिन बढ़िया रहेगा। आर्थिक रूप से प्रगति होना तय है। जीवन में धन लाभ के नये अवसर आयेंगे। रूके हुये काम पूरे होने पर आपको खुशी का अनुभव होगा।

**तुला:** आपके लिए आज का दिन मध्यम फलदायक रहेगा। आपके कामों में विलंब हो सकता है जिससे आपको कुछ परेशानियां होंगी।

**वृश्चिक:** सामाजिक उत्सवों में सहभागिता का मौका है, जो आपको प्रभावशाली व्यक्तियों के संपर्क में लाएगा। स्वभाव में कुछ बड़े परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं।

**धनु:** आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी निजी काम को पूरा करने के लिए बड़े-बुजुर्ग की राय मानना आपके लिए कारगर साबित होगा।

**मकर:** आज दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहेगा। जीवनसाथी से किसी यात्रा पर जाने का विचार करेंगे। यह यात्रा आपके लिए भविष्य के मार्ग खोलेगी।

**कुंभ:** कार्यभार से थकान अनुभव हो सकता है। संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। लगातार बार-बार प्रयास करना आपके लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

**मीन:** दिन ठीक-ठाक रहेगा। कोई काम पूरा होने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। किसी अनुभवी की मदद आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

## चुटकुले

हाईस्कूल में पढ़ने वाली दो लड़कियां आपस में बातें कर रही थीं।
पहली लड़की- यार, मेरे पापा ने कहा है कि इस बार अगर परीक्षा में फेल हुई तो तेरी शादी कर दूंगा।
दूसरी लड़की- तो तुमने कितनी तैयारी की है?
पहली लड़की- बस, रिसेप्शन की ड्रेस लेनी बाकी है....

---

अगर आपकी तोंद निकल रही है तो घबराएं नहीं... क्योंकि एयर बैग हमेशा लग्जरी कारों में ही होते हैं।

---

वोटर- यह जो आप उंगली पे स्याही लगाते हो ये कितने दिन में निकलेगी?
मतदान अधिकारी- करीब 4 महीने में।
वोटर (सिर आगे करते हुए)- यार मेरे सिर में लगादे।
डाई सिर्फ 15 दिन ही चलती है....

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)





# अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर नगर निगम में आयोजन
# महापौर व निगम अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि
## लखनऊ में प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण का सजीव प्रसारण





### गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में पार्षद व अधिकारी जुड़े

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल आत्मसम्मान, एकता और सेवा का प्रतीक – प्रधानमंत्री मोदी

लोकार्पण के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल उस विचारधारा का प्रतीक है, जिसने भारत को आत्मसम्मान, एकता और सेवा का मार्ग दिखाया है। यहां स्थापित प्रतिमाएं राष्ट्र निर्माण के लिए सतत प्रेरणा देती हैं।

यह स्थल संदेश देता है कि हर प्रयास और हर संकल्प राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने संग्रहालय का भ्रमण भी किया और कहा कि डबल इंजन सरकार के चलते उत्तर प्रदेश विकास की नई पहचान बना रहा है। उन्होंने क्रिसमस के अवसर पर देश और दुनिया को शुभकामनाएं भी दीं।

### राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण, सजीव प्रसारण में जुड़े निगम अधिकारी व पार्षद

करंट क्राइम। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ में नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण का सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें नगर निगम मुख्यालय से पार्षदगण एवं निगम अधिकारी संयुक्त रूप से शामिल हुए। महापौर द्वारा सभी को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी गईं।

### अटल जी के विचार आज भी सुशासन की प्रेरणा : सुनीता दयाल

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लोकार्पण पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के विचार और आदर्श आज भी सुशासन, सेवा और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित सभी पार्षदों और अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद विरेंद्र त्यागी, नीरज गोयल, अमित त्यागी, अजीत निगम, हिमांशु शर्मा, नितिन कुमार, सुभाष चौधरी, प्रीति जैन, प्रमोद राघव, धीरज अग्रवाल, प्रवीण कुमार; अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, डॉ. अनुज (प्रभारी उद्यान) सहित अन्य पार्षदगण एवं निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी जयंती पर अटल प्रतिभा-सम्मान समारोह, मेधावियों का हुआ सम्मान
## महर्षि दयानंद विद्यापीठ, गोविंदपुरम में दीप प्रज्वलन के साथ आयोजन, विधायक संजीव शर्मा रहे मुख्य अतिथि







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती अटल प्रतिभाझ सम्मान समारोह के रूप में महर्षि दयानंद विद्यापीठ, गोविंदपुरम में गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता सुरेन्द्र त्यागी (वरिष्ठ नेता, जदयू; अध्यक्ष, किसान मजदूर इंटर कॉलेज अतराड़ा, मेरठ) ने की। आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।

कार्यक्रम में बालेश्वर त्यागी (पूर्व मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार; विद्यालय संस्थापक/संरक्षक), जयप्रकाश शर्मा (अध्यक्ष), सुभाष त्यागी (उपाध्यक्ष), के.के. गुप्ता (कोषाध्यक्ष), आशुतोष त्यागी (सचिव), अरुण शर्मा (उपसचिव) सहित गणमान्यजन एवं महर्षि दयानंद विद्यापीठ परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सीमा सेठी ने कहा कि शिक्षा बहुआयामी है–कक्षा के भीतर शिक्षण और कक्षा के बाहर प्रतियोगिताओं से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रतिभागियों को साधुवाद दिया।



### अटल जी–आदर्श राजनेता, कवि और कार्यकताओं के प्रियः संजीव शर्मा

**करंट क्राइम।** मुख्य अतिथि संजीव शर्मा ने आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महर्षि दयानंद विद्यापीठ का अनुशासन और संस्कार, बालेश्वर त्यागी के त्याग, समर्पण और मूल्यों की सजीव झलक हैं। अटल बिहारी वाजपेयी आदर्श राजनेता, श्रेष्ठ कवि, विनोदी स्वभाव के धनी और देश-विदेश में लोकप्रिय व्यक्तित्व थे; उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धाझसुमन अर्पित करना हम सभी का दायित्व है।

### 1998 में जनसहयोग से स्थापित पुस्तकालय आज भी ज्ञानदीप – बालेश्वर त्यागी

बालेश्वर त्यागी ने स्वागत संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर यह आयोजन प्रेरणादायी है। उनकी सत्प्रेरणा से 1998 में हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना हुई, जो जनसहयोग से संचालित होकर 28 वर्षों से निर्बाध रूप से शिक्षा व पठन-पाठन को आगे बढ़ा रहा है। पूर्व में यह कर्तव्य पुरुष सम्मान के रूप में मनाया जाता था, जिसे अब प्रतिभाझसम्मान समारोह का स्वरूप दिया गया है। इसी अवसर पर पुस्तकालय की स्मारिका ज्ञानदीप का विमोचन किया गया।

### अटल जी दलों से ऊपर, दिलों के नेता : सुरेन्द्र त्यागी

अध्यक्षीय वक्तव्य में सुरेन्द्र त्यागी ने कहा कि अटल जी दल नहीं, दिलों के नेता थे। बालेश्वर त्यागी ने अपने परिश्रम से नगर को श्रेष्ठ विद्यालय और पुस्तकालय दिया—वे गाजियाबाद की हेरिटेज संपदा हैं।

महर्षि दयानंद विद्यापीठ, गोविंदपुरम तथा हरिश्चंद्र त्यागी सार्वजनिक पुस्तकालय, नेहरू नगर द्वारा संयुक्त रूप से अंतरविद्यालयीय वाद-विवाद, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, रंगोली आदि प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। 50 विद्यालयों के 959 प्रतिभागियों में से 80 विजेताओं को सम्मानित किया गया। पुस्तकालय में ध्येय वाक्य लेखन के लिए नीशु चौधरी, सर्वश्रेष्ठ पाठक हर्ष सिंह तथा निबंध प्रतियोगिता (मनुष्य का असली सौंदर्य उसके आचरण में है) के प्राइमरी के 3 और सीनियर के 6 विजेताओं/विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय संयोजिका राजेश्वरी चौहान ने दिया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के साथ हुआ।

# बृज विहार में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बृज विहार में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर बूथ नंबर 241 व 249 पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी के नेतृत्व में किय्या गया।

इस दौरान अटल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन, व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया गया। पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन की सजीव प्रतिमूर्ति थे। उनकी सरकार ने अंत्योदय की भावना को केंद्र में रखते हुए सुशासन के नए मानक स्थापित किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान भाजपा सरकार अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।

मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा प्रारंभ की गई किसान क्रेडिट कार्ड योजना ने किसानों को सुलभ ऋण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार अटल जी की विरासत को आगे बढ़ाते हुए पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी अनेक किसान हितैषी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है, जिसमें सभी बूथ अध्यक्षों की सक्रिय सहभागिता रही। उन्होंने अटल जी द्वारा कराए गए परमाणु परीक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे भारत को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान प्राप्त हुई।

इस अवसर पर पूर्व महानगर उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महानगर मीडिया संयोजक अशोक पांडे संजीव कुमार, सुशील कुमार सिंह, मंत्री योगेश त्यागी, मंडल मंत्री नरेश जैन, प जगदीश्वर प्रसाद सिंह, उर्वशी चौहान, गीता सिंह लल्लन सिंह, जे.के. सहाय, प्रकाश सिंह, देवेंद्र शर्मा, अमित कुमार, उमेश सिंह ठाकुर, सुनील पवार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पार्षद मदन राय ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने राधेश्याम पार्क स्थित पार्षद कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

पार्षद मदन राय ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और उनके कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान नेता थे जिन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी नीतियों और विचारों ने देश को एक नई दिशा दी।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगी। इस अवसर पर पार्षद मदन राय प्रोफेसर राजेंद्र तोमर दीपा सुभाष महेश चंद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गाड़ी का शीशा तोड़कर नगदी चोरी, विरोध पर पीटा

गाजियाबाद। मसूरी थानाक्षेत्र के भूड़गढ़ी स्थित मेरिज होम में चल रही एक बारात के दौरान नगदी चोरी और मारपीट का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित पक्ष ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। मालवीय नगर दिल्ली में रहने वाले यूसुफ रजा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 दिसंबर को वह रिश्तेदारी की बारात में शामिल होने के लिए मसूरी आए थे। उन्हें सूचना मिली कि उनकी कार का पीछे का शीशा तोड़कर उसमें रखे तीन हजार रुपये चोरी कर लिए गए। आरोप है कि यह हरकत तैय्यब के तीन पुत्रों आबिद, कैफ और खालिद ने अपने भाई और दोस्तों के साथ मिलकर की।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का स्थापना दिवस मनाया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, गाजियाबाद द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थापक स्व. श्याम बिहारी मिश्रा जी को नमन किया गया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप जलाकर उन्हें याद किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल ने कहा कि स्व. श्याम बिहारी मिश्रा और स्व. लाल विशंभर दयाल अग्रवाल ने व्यापारियों के हितों की रक्षा करने के लिए एक व्यापार मंडल का गठन किया था, जिसका आज व्यापारी समाज पर इसका असर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों के हित के लिए सड़क पर संघर्ष के लिए तैयार रहेगा।

इस अवसर पर व्यापारी समाज से जुड़े व्यापारियों और संगठन के पदाधिकारियों को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन अमर सक्सेना ने किया। इस अवसर पर राजकुमार सिंह राणा, संजय अरोड़ा, विपिन त्यागी, अखिलेश गुप्ता, विशाल, सूरज यादव, अजीत राजवंशी, इरशाद खान, श्रीमती मीनू कुमार चौहान, विनोद पन्त आदि लोग मौजूद रहे।

# पार्षद कुसुम गोयल ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर बच्चों को बांटी कॉपी किताब



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन के अवसर पर वैशाली सेक्टर एक बद्रीनाथ पार्क में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पार्षद कुसुम मनोज गोयल द्वारा इनर व्हील क्लब इंदिरापुरम शिप्रा सनसिटी के सहयोग से गरीब बच्चों को कॉपी किताब और खाने के पदार्थ बांटे गए। समाज सेविका ममता गर्ग द्वारा संचालित शिक्षा मंदिर में गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाती है। इस अवसर पर बच्चों को अटल बिहारी वाजपेई जी के बारे में बताया गया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शैलजा अग्रवाल, किशन कुमार सभरवाल, डॉ रिचा, मंजू, पूनम खत्री, प्रीति मिश्रा, डॉ नीति, गीता, निरूपा, ज्योति, उषा आदि लोग उपस्थित रहे।

# महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनाई गई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में शहीद स्थल पर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अटल जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई।

महामंत्री पप्पू पहलवान ने अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, अंत्योदय और लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपनी दूरदर्शी नीतियों, सरल व्यवहार और प्रेरणादायी कविताओं के माध्यम से देश को एक नई दिशा प्रदान की। अटल जी के विचार आज भी समाज और राजनीति के लिए मार्गदर्शक हैं।

# धर्म और न्याय की रक्षा के लिए चार साहिबजादों का अद्वितीय बलिदान
# हरनंदी महानगर ने कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धांजलि





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हरनंदी महानगर में गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के पावन बलिदान दिवस पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा महानगर के सभी नगरों में श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से साहिबजादों की शौर्यगाथा का स्मरण कर उनके अद्वितीय त्याग, अटूट आस्था तथा धर्म और मानवीय मूल्यों की रक्षा के संदेश को दोहराया गया।

विभिन्न कार्यक्रमों में अपने वक्तव्य देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने कहा कि चारों साहिबजादों की शहादत भारतीय संस्कारों, राष्ट्रचेतना और मानव गरिमा की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि साहिबजादों ने कठोर यातनाओं, अन्याय और जुल्म के सामने झुकने के बजाय निडर होकर सत्य, धर्म और स्वाभिमान का मार्ग चुना, जो आज के समाज विशेषकर युवाओं के लिए चरित्र और साहस का प्रेरणादायक आदर्श है।

इस अवसर पर हरनंदी महानगर के सभी नगरों ने अपन अपने क्षेत्रों में बाल स्वयंसेवकों के द्वारा पथ संचलन का भी आयोजन किया गया जिसमे बाल स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।विभिन्न इकाइयों ने पथ संचलन का आरंभ या समापन गुरुद्वार पर किया। अलग-अलग स्थानों पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुँचकर चारों साहिबजादों को सामूहिक श्रद्धांजलि दी और संकल्प व्यक्त किया कि उनके संदेश को घर-घर और विशेषकर बच्चों व युवाओं तक पहुँचाने के लिए वर्ष भर विविध धार्मिक और सामाजिक गतिविधियाँ चलायी जाएँगी।

बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं किशोरों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों पर भव्य पथ संचलन निकाला गया, जिसमें वे साहिबजादों की शहादत और सिख इतिहास के गौरवशाली अध्याय का संदेश जन-जन तक पहुँचाते रहे। बच्चों के इस अनुशासित व उत्साहपूर्ण पथ संचलन को देखकर नगरवासियों ने पुष्पवर्षा, जयकारों और सत्कार के साथ उनका स्वागत किया और चार साहिबजादों के अमर बलिदान को नमन किया।

अंत में, अनेक कार्यक्रमों में स्थानीय गुरुद्वारों के ग्रंथी जी तथा अन्य सिख बंधु भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए, जिन्होंने अपने प्रेरणादायक वक्तव्यों के माध्यम से साहिबजादों की शहादत, सिक्खी के मूल्यों और सामाजिक सौहार्द के संदेश को सहभागी जनसमूह के बीच साझा किया।

कुल 15 स्थानों पर कार्यक्रम हुए और क्रासिंग में लगभग 200 , विजयनगर में 100 अन्य कार्यक्रमों में 500 से अधिक बाल स्वयंसेवकों ने पूर्ण गडवेश में पथ संचलन में भाग लिया।

# अब चाऊमीन चौक गोविन्दपुरी का नाम होगा अटल चौक



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर पालिका द्वारा यहां चाऊमीन चौक नामक स्थान का नाम अब अटल चौक के नाम से जाना जायेंगा। उनकी जयंती के मौके पर यहां उनकी मूर्ति स्थापित की गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष विनोद जाटव उर्फ वैशाली के पहल पर यहां अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति स्थापित की गई। अब इस चाऊमीन चौक का नाम अटल चौक रखा गया है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष विनोद जाटव ने कहा कि अटल जी का विराट व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को सदैव एक नई प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल, अमितेज जैन, पूर्व चेयरमैन अशोक माहेश्वरी, जितेन्द्र चितौड़ा, सतेन्द्र त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यवीर सिंह राघव, नितिन मित्तल, मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा सहित अनेक भाजपाई मौजूद रहें।

# 25 दिसंबर की सुबह एक्टिव नोएडा क्रिसमस रन का सफल आयोजन






**नोएडा।** क्रिसमस डे की सुबह डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक्टिव नोएडा क्रिसमस रन (7वां संस्करण) का सफल आयोजन पिकू स्पोर्ट्स के डायरेक्टर दीपक मेहरा के मार्गदर्शन में किया गया। इस विशेष आयोजन में लगभग 50 धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह रन डीएलएफ मॉल ऑफ इंडिया से प्रारंभ होकर परी चौक, ग्रेटर नोएडा तक आयोजित की गई। रन का उद्देश्य फिटनेस के साथ-साथ समाज सेवा का संदेश देना था। दौड़ के दौरान धावकों ने मार्ग में स्थित निर्माण स्थलों पर कार्यरत जरूरतमंद लोगों को कंबल तथा बच्चों को चॉकलेट वितरित की जिससे आयोजन सामाजिक सरोकार से जुड़ा रहा।

दौड़ पूर्ण करने के बाद सभी प्रतिभागियों को मेडल और रिफ्रेशमेंट प्रदान किए गए। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी को भी बढ़ावा देते हैं। एक्टिव नोएडा क्रिसमस रन ने क्रिसमस की सुबह को फिटनेस और सेवा के रंग में रंग दिया।




# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने बूथ पर मनाई अटल जयंती, पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी, गाज़ियाबाद महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में गुरुवार को एक सशक्त, अनुशासित एवं संगठनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे महानगर के प्रत्येक बूथ पर अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी मंडलों में यह आयोजन मंडल अध्यक्षों की देखरेख में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

**▶ अटल जयंती पर भाजपा गाज़ियाबाद महानगर ने प्रत्येक बूथ पर आयोजित किया पुष्पांजलि कार्यक्रम**

कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रनिर्माण, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने राजनगर मंडल के बूथ संख्या 253 पर अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा मिठाई वितरित कर जन्म जयंती मनाई।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

राजनगर मंडल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, मंडल अध्यक्ष नीरज त्यागी, डॉक्टर सागर कश्यप, अभिजीत मुखर्जी, मनोज गिरी, विशाल कश्यप, मनीष मित्तल, राजनाथ राम, हरीश राजौरा, बबलू सिंह, जुगनू ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में महानगर संगठन के सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सराहनीय रही।

### छोटे मन से कोई बड़ा नहीं हो सकता : मंत्री नरेंद्र कश्यप

मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अटल बिहारी वाजपेयी की पंक्तियों को स्मरण करते हुए कहा—'छोटे मन से कोई बड़ा नहीं हो सकता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं हो सकता।' उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व, विचार और नेतृत्व आज भी कार्यकर्ताओं एवं देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके आदर्शों पर चलकर ही एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव है।

### अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति युगपुरुष : महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिनके विचार आज भी राष्ट्र के लिए पथप्रदर्शक हैं। प्रत्येक बूथ पर आयोजित यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को उनके आदर्शों के अनुरूप कार्य करने की प्रेरणा देता है। भाजपा संगठन अटल जी के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

## इंदिरापुरम मंडल कार्यालय में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम मंडल कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन और उनके कार्यों को याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय किसान मोर्चा सदस्य सलेक त्यागी, महामंत्री देवाशीष दत्ता, उपाध्यक्ष डॉक्टर जय श्री सिम्हा, अंकुर त्यागी, गायत्री पांडे , आईटी संयोजक हेमंत मणि तिवारी, शक्ति केंद्र संयोजक अजय गुप्ता, राहुल पंडित, शिवम त्यागी, राजीव कांत, आदित्य कश्यप, पूर्व मंडल मंत्री चंदन गोसाई, सुशील सिन्हा, दीपा तोमर, कार्यकर्ता विपिन वर्मा, मुनि पाल, सुरेंद्रनाथ खन्ना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पार्षद यशपाल पहलवान ने किया गगन विहार में विकास कार्य का उद्धघाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद यशपाल पहलवान ने गुरुवार को वार्ड 20 की गगन विहार डी, ब्लॉक गली नंबर 1 का उद्धघाटन किया। इस अवसर पर जय कसना कमल, सोमिंदर कसाना धनु चंदेला ल अंकित बंसल,रवि यादव, सनी वर्मा, बबलू ठाकुर, डी एस रावत, रोहित कुमार, सुरेश कुमार मनोज लोधी, जितेंदे सेन, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि विकास ही उनकी पहचान है और वे अपने वार्ड के विकास के लिए हमेशा काम करते रहेंगे। पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि उनके वार्ड में विकास कार्य से वार्ड के लोग बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने वार्ड के लोगों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं।

उन्होंने कहा कि अपने वार्ड के विकास के लिए हमेशा काम करते रहेंगे और लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वे अपने वार्ड के लोगों के साथ मिलकर विकास के नए आयाम स्थापित करेंगे।

## एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज की रजत जयंती 'सफर यादों का' में उमड़ा पूर्व छात्रों का उत्साह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज एवं बिजनेस स्कूल ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 'रजत जयंती समारोह' का भव्य आयोजन किया।



'सफर यादों का' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश से आए पूर्व छात्रों (एलुमनाई) ने शिरकत की, जहाँ विशेष रूप से 2015 बैच के 'दशक पूर्णता' समारोह का अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन नीरज गोयल ने कहा कि एबीईएस की यात्रा केवल शैक्षणिक नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की रही है। जनरल सेक्रेटरी शाश्वत गोयल ने भविष्य के लिए संस्थान की नवाचार आधारित दृष्टि को साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'स्मृति पथ' प्रदर्शनी और इंडियन आइडल फेम मोहित चोपड़ा की संगीतमय प्रस्तुति रही, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मीडिया प्रभारी प्रो. (डॉ.) तरुण अरोड़ा ने बताया कि सांस्कृतिक सत्रों में वर्तमान और पूर्व छात्रों की कलात्मक प्रस्तुतियों ने संस्थान की 25 वर्षों की जीवंत विरासत को प्रदर्शित किया।

### अटल बिहारी वाजपेयी एक युगपुरुष : संजीव त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व पार्षद संजीव त्यागी ने भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने अटल जी को एक 'युगपुरुष' और 'अजातशत्रु' जननायक बताते हुए कहा कि उनके आदर्श और सिद्धांत आज भी करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणा के मुख्य स्रोत हैं। संजीव त्यागी ने बताया कि अटल जी ने विकास की जो नींव रखी, उसी पर आज आधुनिक भारत खड़ा है। उन्होंने कहा, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के माध्यम से देश के प्रमुख शहरों को जोड़ा गया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जरिए गाँव-गाँव तक विकास की पहुँच सुनिश्चित की गई। उनके जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित शासन के कारण ही उनकी जयंती (25 दिसंबर) को पूरे देश में 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाया जाता है।



## रमते राम रोड और नए गंज को जलभराव से मिलेगी मुक्ति

### विधायक के निर्देश पर नगर निगम ने शुरू किया राहत कार्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** स्थानीय रमते राम रोड और नए गंज क्षेत्र की वर्षों पुरानी और भीषण जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने बड़ी कार्यवाही शुरू की है।



विधायक के निर्देश मिलते ही नगर निगम के अधिकारियों ने अग्रसेन बाजार रोड और टाउनहाल के पास स्थित नाले पर हाई-पावर मोटर व पंप स्थापित कर दिए हैं। पाइपलाइन के माध्यम से नाले के रुके हुए पानी को बड़े गंदे नाले में पंप किया जा रहा है। टाउन हॉल के पास नाले की सफाई और उसे खाली करने का काम भी सुचारू रूप से किया गया, जिससे रमते राम रोड और नए गंज के निवासियों व व्यापारियों को जलभराव से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

वहीं प्रशासनिक स्तर पर नगर निगम से जल विभाग के महाप्रबंधक के.पी. आनंद, अधिशासी अभियंता आश कुमार, अवर अभियंता पूजा और सुपरवाइजर रविंद्र नागर ने मौके पर रहकर अपनी देखरेख में कार्य पूर्ण कराया।

### भारतीय राजनीति के 'अजातशत्रु' श्रद्धेय अटल जी की जयंती पर

## चौधरी चैनपाल सिंह ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, प्रखर वक्ता और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने अटल जी के व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।उपस्थित कार्यकर्ताओं और गणमान्य जनों को संबोधित करते हुए चौधरी चैनपाल सिंह ने कहा कि 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में जन्मे अटल जी ने अपना पूरा जीवन माँ भारती की सेवा में लगा दिया। वे राजनीति में शुचिता, विचारों में स्पष्टता और व्यवहार में सौम्यता के अनूठे प्रतीक थे। उनके कालखंड में भारत ने परमाणु शक्ति के रूप में विश्व पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ी।



## कुलदीप सिंह सेंगर को बेल देने के विरोध में महिला कांग्रेस का वसुंधरा में जोरदार प्रदर्शन

### इंडिया गेट से पीड़िता के परिवार को हटाए जाने और रेप आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप, मेवाड़ कॉलेज से सेक्टरों तक मार्च






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महिला कांग्रेस, जिला गाजियाबाद द्वारा भाजपा नेता कुलदीप सिंह सेंगर को रेप मामले में बेल दिए जाने, पीड़िता के परिवार को इंडिया गेट से हटाए जाने तथा भाजपा नेताओं पर बलात्कारियों को संरक्षण देने के आरोपों के विरोध में वसुंधरा में प्रदर्शन व मार्च किया गया। मार्च की शुरूआत मेवाड़ कॉलेज से हुई, जो सेक्टर-4, सेक्टर-2 वसुंधरा की सड़कों एवं मुख्य बाजारों से होते हुए आगे बढ़ा। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने कुलदीप सिंह सेंगर को फांसी देने की मांग करते हुए नारेबाजी की और भाजपा पर महिला अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

जिला कांग्रेस कमेटी से अश्विनी त्यागी, मनोज कौशिक, सुशील शर्मा, धीरेन्द्र ध्यानी, गिरीश शर्मा, वीर सिंह; यूथ कांग्रेस से अक्षय शर्मा, नितिन शर्मा, विक्रांत चौधरी, दीपक भाटी तथा महानगर कांग्रेस से शैलेन्द्र रावत, अंबर गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह राठौड़, यश कौशिक, विजय सिंह तोमर, प्रमोद कुमार आदि शामिल रहे।

### भाजपा नेतृत्व बलात्कारी नेताओं को संरक्षण दे रहा है : डॉली त्यागी

**करंट क्राइम।** महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष डॉली त्यागी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अनेक नेताओं पर महिला उत्पीड़न और बलात्कार जैसे गंभीर आरोप हैं, लेकिन भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ऐसे दुराचारी नेताओं को संरक्षण देता है। कांग्रेस पार्टी इसे कतई बर्दाशत नहीं करेगी और कुलदीप सिंह सेंगर सहित ऐसे सभी नेताओं के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चलाया जाएगा।

कार्यक्रम का नेतृत्व डॉली त्यागी ने किया। इस दौरान महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष सोना खान, कमलेश कुमारी, अभिलाषा राठौड़, आशा तुली, उर्मिला सिंह, दीक्षा, रूबी मलिक, सुनीता, प्रतिमा, डौली उपाध्याय, अलका टमटा, सीमा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### श्रद्धांजलि



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने महामना मदन मोहन मालवीय और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गोपाल अग्रवाल ने कहा कि सेवा, समर्पण और राष्ट्रवाद का संकल्प लेकर ही हम आगे बढ़ सकते हैं।

### पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति

करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भले ही ये उनका त्यौहार है लेकिन इस पोस्ट में रिश्तों का स्नेह और प्यार है। पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने मैरी क्रिसमिस को अपने आशीर्वाद से और अधिक मैरी बनाया है। उन्होंने यूं ही सदा मुस्कुराते रहो, स्वस्थ रहो, मस्त रहो के आशीर्वाद से इसे उमंग और ऊर्जावान बनाया है। आशीर्वाद और स्नेह की ऊर्जा से अभिभूत यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## राजेन्द्र त्यागी की 25वीं पुण्य तिथि मनाई

### हजारों ने किया उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** लोकतंत्र सेनानी स्व: राजेन्द्र त्यागी की 25 वीं पुण्य तिथि हजारों लोगों की उपस्थिति में मनाई गई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों ने उन्हें नमन करते हुए अपनी श्रद्वांजलि भी अर्पित की।

कस्बा निवाड़ी निवासी स्व: राजेन्द्र त्यागी लोकतंत्र सेनानी की यहां निवाड़ी स्थित एक निजी बैंकटहाल में 25वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान क्षेत्र के हजारों लोगों ने उन्हें याद किया। कार्यक्रम का आयोजन त्यागी के पुत्र चन्द्रशेखर त्यागी ने किया। श्रद्वांजलि सभा में अनेक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा क्षेत्र से लोकदल, भाजपा, सपा, बसपा व विभिन्न राजनीतिक हस्तियों से जुड़ें लोगों ने हिस्सा लिया और राजेन्द्र त्यागी को यादकर उन्हें अपनी श्रद्वांजलि अर्पित की। लोकतंत्र सेनानी होने के साथ ही राजेन्द्र त्यागी असली भारत नामक पत्रिका के संपादक व किसान ट्रस्ट के अध्यक्ष थे। इस दौरान निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी, पूर्व चेयरमैन राजकुमार वर्मा, रणवीर सिंह दहिया, अरूण दहिया, सतेन्द्र त्यागी, पूर्व चेयरमैन सुनील त्यागी, संदीप भारद्वाज, सतेन्द्र तोमर, बिट्टू खंजरपुर, पं0 सतेन्द्र शर्मा, एडवोकेट सचिन दीक्षित, डॉ0 ज्ञानबोद्व आर्य, अमरजीत सिंह बिट्टी, निर्दोष खटाना, पूर्व विधायक व भाजपा नेता पं0 सुदेश शर्मा, संजय गुप्ता, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रमेश प्रजापति, डॉ0 राजीव त्यागी, प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरूण वर्मा, योगेश गुप्ता, अनवर खान, विकास वर्मा, संजीव वर्मा आदि व अनेक थानों की पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## क्रिसमस पर सेवा का संदेश : बागू क्षेत्र में विधवा महिलाओं को कंबल वितरण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** क्रिसमस डे के अवसर पर गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र के बागू क्षेत्र में एक सेवा एवं सद्भावना से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशाल वर्मा, पूर्व विधायक प्रत्याशी, गाजियाबाद विधानसभा, समाजवादी पार्टी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर क्षेत्र की गरीब एवं विधवा महिलाओं को कंबलों का वितरण किया गया। ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**▶ गाजियाबाद विधानसभा के बागू क्षेत्र में क्रिसमस डे पर सामाजिक सरोकार का कार्यक्रम, मुख्य अतिथि रहे विशाल वर्मा**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशाल वर्मा ने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़ा होना ही राजनीति और सार्वजनिक जीवन का वास्तविक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा दिया गया स्नेह और विश्वास उन्हें लगातार सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित करता है।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में सौहार्द, आपसी भाईचारे और मानवीय संवेदनाओं का संदेश भी दिया गया। स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे जरूरतमंदों के लिए राहत देने वाला कदम बताया।

जनता के प्यार और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए विशाल वर्मा ने कहा कि वे आगे भी समाजसेवा के ऐसे कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

# ढाका में दीपू चंद्र दास की हत्या के बाद तनाव
# भारत-बांग्लादेश संबंधों पर पड़ा असर

**ढाका।** बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में 27 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की बेहद क्रूर तरीके से हत्या कर दी गई। इस घटना ने न सिर्फ बांग्लादेश को झकझोर दिया, बल्कि भारत में भी भारी आक्रोश पैदा किया है। इस हत्या के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में और तनाव देखने को मिल रहा है।

**बांग्लादेश में पिछले साल जुलाई-अगस्त महीने में भड़की हिंसा ने सैकड़ों लोगों को अपनी चपेट में ले लिया है। इस दौरान अल्पसंख्यकों को भी बड़े पैमाने पर निशाना बनाया गया है। वहीं पिछले हफ्ते हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या ने भारत-बांग्लादेश के संबंधों पर बड़ा असर डाला है।**



दीपू चंद्र दास की 18 दिसंबर की रात ढाका-मयमनसिंह हाईवे के पास जामिरदिया दुबलियापारा इलाके में भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शव को पेड़ से बांधकर आग लगा दी गई। इस घटना के कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गए, जिन्हें देखकर लोग स्तब्ध हैं।

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

एक स्थानीय समाचार पत्र की रिपोर्ट के मुताबिक, दीपू एक फैक्ट्री में काम करता था। उसने हाल ही में फ्लोर मैनेजर से सुपरवाइजर बनने के लिए परीक्षा दी थी। इसी को लेकर उसके कुछ सहकर्मियों से विवाद चल रहा था। परिवार का कहना है कि 18 दिसंबर की दोपहर दीपू को नौकरी से निकाल दिया गया, उस पर धार्मिक अपमान के आरोप लगाए गए, लेकिन पुलिस ने कहा कि इन आरोपों का कोई सबूत नहीं मिला। दीपू के भाई आपु रोबी दास ने बताया कि फैक्ट्री में दीपू को बुरी तरह पीटा गया और बाहर निकाल दिया गया। उसने माफी भी मांगी, लेकिन भीड़ नहीं मानी। आपु के अनुसार, एक दोस्त ने पहले फोन कर कहा कि दीपू को पुलिस थाने ले जाया गया है। थोड़ी देर बाद फोन आया कि दीपू की मौत हो गई है। जब परिवार मौके पर पहुंचा, तो दीपू का जला हुआ शव मिला।

### भारत में क्यों भड़का गुस्सा?

इस निर्मम हत्या के बाद भारत के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, भोपाल, जम्मू, हैदराबाद और अगरतला जैसे शहरों में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे। हिंदू संगठनों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग की और बांग्लादेशी दूतावासों के पास प्रदर्शन किए।

### दोनों देशों में कूटनीतिक तनाव

घटना के बाद भारत और बांग्लादेश ने एक-दूसरे के राजनयिकों को तलब किया। बांग्लादेश ने भारत में अपने दूतावास के बाहर हुए प्रदर्शनों और सिलीगुड़ी में वीजा केंद्र में तोड़फोड़ पर चिंता जताई। वहीं भारत ने बांग्लादेश से दीपू दास की हत्या की निष्पक्ष और सख्त जांच की मांग की।

### बांग्लादेश सरकार का रुख, पहले से तनाव

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है और वे घटना की कड़ी निंदा करते हैं। सरकार की ओर से शिक्षा सलाहकार सी. आर. अबरार ने दीपू के परिवार से मुलाकात कर संवेदना जताई और मदद का भरोसा दिया।

बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से ही बांग्लादेश में हालात तनावपूर्ण हैं। हाल ही में एक छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या ने भी स्थिति को और गंभीर बना दिया था।

## ताइवान के आसपास नहीं थम रही चीन की सैन्य गतिविधियां, छह चीनी विमान और आठ युद्धपोत दिखे



**ताइपे।** चीन की तरफ से ताइवान के आस-पास सैन्य गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, गुरुवार को तड़के सुबह करीब 15 विमान, नौसैनिक जहाज के साथ-साथ एक सरकारी जहाज की मौजूदगी उसकी सीमा के पास दिखी है।

ताइवान की समुद्री सीमा के आस-पास चीन की सैन्य गतिविधियां लगातार जारी है, ताइवान के रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने गुरुवार सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों का पता लगाया है। मंत्रालय के अनुसार, इस दौरान चीन के छह सैन्य विमानों, आठ नौसैनिक जहाजों और एक सरकारी जहाज की मौजूदगी दर्ज की गई।

**दो विमानों ने पार की एडीआईजेड:** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन छह विमानों में से दो विमान ताइवान और चीन के बीच मानी जाने वाली मध्य रेखा (मीडियन लाइन) को पार कर गए और ताइवान के उत्तरी तथा दक्षिण-पश्चिमी एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन (एडीआईजेड) में दाखिल हुए। मंत्रालय ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी गई और आवश्यक जवाबी कदम उठाए गए।

इससे एक दिन पहले, बुधवार को भी ताइवान ने इसी तरह की गतिविधियों की जानकारी दी थी। उस दिन पांच चीनी सैन्य विमान, आठ नौसैनिक जहाज और एक सरकारी जहाज ताइवान के आसपास पाए गए थे। इनमें से एक विमान ने मीडियन लाइन पार कर ताइवान के एडीआईजेड में प्रवेश किया था। ताइवान का कहना है कि चीन की ये गतिविधियां उसकी सुरक्षा के लिए चिंता का विषय हैं और वह हर हाल में अपनी सीमाओं की रक्षा के लिए सतर्क है।

**पेंटागन रिपोर्ट में चीन की विस्तारवादी सोच पर चिंता:** इसी बीच, अमेरिका के रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) की एक रिपोर्ट, जो अमेरिकी संसद को सौंपी गई है, ने चीन की व्यापक रणनीति को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने भारत के अरुणाचल प्रदेश को भी अपने तथाकथित मुख्य हितों में शामिल कर लिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के 'मुख्य हितों' में अब ताइवान, दक्षिण चीन सागर के समुद्री विवाद, सेंकाकू द्वीप समूह और भारत का अरुणाचल प्रदेश शामिल हैं।

## 17 साल बाद तारिक की घर वापसी, बताया भविष्य का रोडमैप



**ढाका।** 17 साल बाद बीएनपी कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान की बांग्लादेश वापसी पर ढाका के 300 फीट इलाके में विशाल रैली हुई। उन्होंने लोकतांत्रिक और आर्थिक अधिकारों की बात करते हुए शांति और एकजुटता का आह्वान किया। तारिक ने कहा कि उनका लक्ष्य सभी समुदायों के लिए सुरक्षित और लोकतांत्रिक बांग्लादेश बनाना है।

बांग्लादेश की राजनीति में गुरुवार को एक बड़ा सियासी मोड़ देखने को मिला, जब 17 साल के लंबे निर्वासन के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान स्वदेश लौटे।

राजधानी ढाका के '300 फीट' इलाके में उनके स्वागत के लिए हजारों की संख्या में समर्थक जुटे और उनके पहुंचते ही पूरा इलाका नारों से गूंज उठा।

यह वापसी ऐसे समय हुई है, जब देश में राजनीतिक अस्थिरता और चुनावी माहौल गमार्या हुआ है।

## तारिक रहमान की देश वापसी पर बवाल

**ढाका।** तारिक रहमान की 17 साल बाद बांग्लादेश वापसी पर विवाद खड़ा हो गया है। अवामी लीग के छात्र संगठन ने इसे एकतरफा चुनाव कराने की 'बैकडोर डील' बताया है। संगठन का आरोप है कि अवामी लीग पर प्रतिबंध और मौजूदा राजनीतिक हालात निष्पक्ष चुनाव की राह में बाधा हैं।

बांग्लादेश की राजनीति में एक बार फिर उथल-पुथल तेज हो गई है। लंबे निर्वासन के बाद बीएनपी के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान की देश वापसी को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है।

अवामी लीग के छात्र संगठन ने आरोप लगाया है कि यह वापसी लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं, बल्कि एकतरफा चुनाव कराने की 'बैकडोर डील' का हिस्सा है। बांग्लादेश छात्र लीग के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने कहा कि तारिक रहमान की घर वापसी से देश में स्थिरता नहीं आएगी, बल्कि राजनीतिक ध्रुवीकरण और बढ़ेगा।

उनका दावा है कि यह पूरा घटनाक्रम अवैध सरकार और बीएनपी-जमात गठबंधन के बीच एक समझौते का नतीजा है, जिसका मकसद चुनाव को पहले से तय नतीजों की ओर ले जाना है।

**बीते दौर पर उठे सवाल**

छात्र संगठन का कहना है कि जब पहले तारिक रहमान देश में सक्रिय थे, तब कानून-व्यवस्था बिगड़ी, उग्रवाद बढ़ा और अल्पसंख्यकों पर हमले हुए।



बांग्लादेश की छवि भ्रष्टाचार से जुड़ी और आम लोगों में असुरक्षा बढ़ी। ऐसे में उनकी वापसी से वही हालात दोहराने की आशंका जताई जा रही है।

### संवेदनशील समय में वापसी



तारिक रहमान की वापसी ऐसे समय में हुई है, जब छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या के बाद देश के कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन हो चुके हैं। फरवरी 17 को प्रस्तावित आम चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और निष्पक्ष चुनाव को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। इसी बीच आवामी लीग को चुनाव से बाहर करने का फैसला भी विवादों में है। छात्र नेता ने आरोप लगाया कि अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाकर जनता की आवाज दबा दी गई है। उनका कहना है कि मौजूदा व्यवस्था में न तो सरकार निष्पक्ष है और न ही संवैधानिक रूप से भरोसेमंद। ऐसे में जो प्रक्रिया चल रही है, वह चुनाव नहीं बल्कि 'चयन' है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रक्रिया समावेशी और लोकतांत्रिक नहीं बनी, तो बांग्लादेश की राजनीतिक संकट और गहराएगा।

## 'सबसे बेहतरीन फर्स्ट लेडी..' कहते-करते अटक गए ट्रंप



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्रिसमस की पूर्व संध्या को फोन कॉल के माध्यम से एक कार्यक्रम के दौरान कई लोगों से बातचीत की, जिसमें बच्चे भी शामिल है। इस मौके पर कई लोगों से बात करने के बाद एक अजीब पल सामने आया। एक मौके पर जब डोनाल्ड ट्रंप अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप की तारीफ करने लगे, तब कुछ ऐसा हुआ, जिसने खूब सुर्खियों बटोरी।

बता दें कि ये तब की बात है जब ट्रंप क्रिसमस के मौके पर व्हाइट हाउस से फोन कॉल कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपनी पत्नी मेलानिया ट्रंप की तारीफ करना शुरू किया और उन्हें सबसे बेहतरीन फर्स्ट लेडी कहने वाले थे। लेकिन बात बीच में ही रुक गई।

दरअसल, जैसे ही ट्रंप तारीफ में लगे, मेलानिया ने जल्दी से बीच में आकर कहा कि अब अगले कॉल्स की बारी है। यानी ट्रंप का कमेंट कट गया और थोड़ी अजीब, लेकिन मजेदार स्थिति बन गई।

## बांग्लादेश सरकार ने हिंदू घरों पर हमलावरों की जानकारी देने पर इनाम की घोषणा

**ढाका।** बांग्लादेश पुलिस ने दक्षिण-पूर्वी बंदरगाह शहर चटोग्राम के पास एक हिंदू परिवार के घर में आग लगाने वाले हमलावरों के बारे में सूचना देने पर इनाम की घोषणा की है। बदले हुए राजनीतिक माहौल में देश में उभरती भीड़ हिंसा को एक बड़े संकट के रूप में देखा जा रहा है।

इत्तेफाक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, चटोग्राम रेंज के पुलिस प्रमुख अहसान हबीब ने बुधवार रात शहर के बाहरी इलाके राउजान में उस घर का दौरा किया, जिसे आग के हवाले कर दिया गया था। यह घर कतर में काम करने वाले प्रवासी मजदूर सुख शिल और अनिल शिल का है। इस दौरान उन्होंने हमलावरों की जानकारी देने पर इनाम देने की घोषणा की, हालांकि इनाम की राशि स्पष्ट नहीं की गई।

## तंजानिया में किलिमंजारो पर्वत पर बड़ा हादसा, बचाव अभियान में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त 5 लोगों की मौत

**दार एस सलाम।** अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत किलिमंजारो पर बचाव अभियान के दौरान एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

तंजानिया में अफ्रीका के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किलिमंजारो पर एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच लोगों की मौत हो गई है। यह दुर्घटना बुधवार शाम को पर्यटकों के बीच सबसे लोकप्रिय पर्वतारोहण मार्गों में से एक पर हुई। इसे पुलिस ने पहाड़ पर फंसे मरीजों को निकालने के लिए एक बचाव अभियान बताया।

पुलिस के मुताबिक मृतकों में किलिमंजारो से चिकित्सा सहायता के लिए निकाले गए दो विदेशी नागरिक शामिल थे। इस दुर्घटना में एक स्थानीय डॉक्टर, एक टूर गाइड और एक पायलट की भी मौत हो गई।



### बचाव अभियान के दौरान हुआ हेलीकॉप्टर क्रैश

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना पर्वत के बाराफू कैंप और किबो शिखर के बीच 4,000 मीटर (13,100 फीट) से ज्यादा की ऊंचाई पर हुई। पुलिस ने बताया कि दो विदेशी नागरिकों को बचाने के लिए चलाए गए बचाव अभियान के दौरान ये हेलीकॉप्टर हादसा हुआ।

किलिमंजारो क्षेत्रीय पुलिस कमांडर साइमन माइग्वा ने पत्रकारों को बताया कि विमान किलिमंजारो एविएशन कंपनी का था, जो अन्य सेवाओं के साथ-साथ चिकित्सा निकासी सेवाएं भी प्रदान करती है। कंपनी की ओर से अभी तक दुर्घटना पर कोई बयाव जारी नहीं किया गया है।

### पुलिस कर रही दुर्घटना की वजहों की जांच

पुलिस ने कहा कि हादसे के बारे में और जानकारी सामने आने के बाद लोगों को सूचित किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि दुर्घटना की वजहों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। एक पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। बुधवार शाम को किलिमंजारो पर्वत पर हुआ हादसा चौंकाने वाला है। दरअसल, किलिमंजारो पर्वत पर आमतौर पर बहुत ही कम विमान दुर्घटनाएं होती हैं। यहां पर नवंबर 2008 में विमान हादसा हुआ था, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी।

## बांग्लादेश में भीड़ की हिंसा जारी, एक और हिंदू युवक के साथ बर्बरता; भीड़ ने पीट-पीटकर की हत्या



**ढाका।** बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां बांग्लादेश के राजबाड़ी जिले के पांगशा उपजिला में बुधवार रात एक और हिंदू युवक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, युवक पर जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) का आरोप लगाया गया था।

यह घटना रात करीब 11 बजे कलीमोहर यूनियन के होसेंदंगा गांव में हुई। पांगशा सर्कल के सहायक पुलिस अधीक्षक देब्रत सरकार ने बताया कि मृतक की पहचान अमृत मंडल, उर्फ सम्राट, के रूप में हुई है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अमेरिकी NSA बोले- ट्रंप ने घातक संघर्ष रोका, दुनिया में वर की भूमिका बेहद खास



**अमेरिका ने एक बार फिर दावा किया है कि उसके हस्तक्षेप से भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित टकराव टल गया। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप ने समय पर दखल देकर दोनों देशों को खतरनाक युद्ध में उलझने से रोका।**

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर दावा किया है कि उसके समय पर हस्तक्षेप से भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित टकराव टल गया। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान को खतरनाक युद्ध में उलझने से रोकने के लिए हस्तक्षेप किया।

रुबियो के मुताबिक, यह कदम इस वर्ष अमेरिका के नेतृत्व में किए गए प्रमुख शांति प्रयासों में से एक है। उन्होंने इसे वैश्विक संघर्ष-निवारण में वाशिंगटन की भूमिका का महत्वपूर्ण उदाहरण बताया।

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम को लेकर अमेरिका का रुख

बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को निशाना बनाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था।

इस सैन्य कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा, जिसके बाद 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हुई। ट्रंप ने दावा किया कि यह उनके हस्तक्षेप से यह संभव हुआ। भारत ने इसे खारिज करते हुए कहा कि यह समझौता पाकिस्तान की ओर से डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (DGMO) के जरिए बातचीत के बाद हुआ।

पहले पाकिस्तान ने भी इस दावे को अस्वीकार किया लेकिन बाद में अमेरिका की नजरों में अच्छा बने रहे के लिए उसने इसे स्वीकार कर लिया।

## शुभांशु शुक्ला ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा 'अंतरिक्ष यात्री बनने के लिए निकलवाने पड़ते हैं दांत'

**मुंबई।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने आईआईटी बॉम्बे में एक कार्यक्रम में अपना अंतरिक्ष अनुभव साझा किया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष मिशन की तैयारी के दौरान उनके दो अक्ल दाढ़ निकलवाए गए थे, ताकि उड़ान के समय किसी तरह की दिक्कत न हो। उनके अनुसार, अंतरिक्ष यात्रियों के लिए दांतों की सेहत बेहद अहम होती है।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पहुंचने वाले पहले भारतीय शुभांशु शुक्ला ने बुधवार को अंतरिक्ष यात्रियों के कड़े स्वास्थ्य मानकों पर रोचक जानकारी साझा की है। आईआईटी बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष यात्रा पर जाने से पहले उन्होंने अपने दो अक्ल दाढ़ (विजडम टीथ) निकलवा दिए थे।

### 'अंतरिक्ष में डेंटल सर्जरी करना संभव नहीं'



शुभांश शुक्ला ने आगे बताया कि अंतरिक्ष में मेडिकल इमरजेंसी से निपटने के लिए प्रशिक्षण तो दिया जाता है, लेकिन वहां डेंटल सर्जरी करना संभव नहीं है। इसलिए, यह सुनिश्चित किया जाता है कि भविष्य में दांतों की कोई समस्या न हो। उन्होंने बताया कि ग्रुप कैप्टन नायर ने अपने तीन और अंगद प्रताप ने चार दाढ़ निकलवाए हैं। शुभांशु ने मजाक में कहा कि यदि आप अंतरिक्ष यात्री बनना चाहते हैं, तो आपको अपनी अक्ल की दाढ़ (विजडम) छोड़नी होगी। बता दें कि, भारतीय वायु सेना के टेस्ट पायलट शुक्ला इसी साल एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रा पूरी कर लौटे हैं।

### 'अंतरिक्ष यात्री बनना है, तो अक्ल छोड़नी पड़ेगी'

उन्होंने कहा, 'हम किसी भी मेडिकल आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग लेते हैं, लेकिन एक चीज जो नहीं की जा सकती, वह है डेंटल सर्जरी। इसलिए लॉन्च से पहले यह सुनिश्चित किया जाता है कि भविष्य में दांतों से जुड़ी कोई परेशानी न हो।' उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के दौरान कई उम्मीदवारों के दांत निकलवाए गए। इस पर मजाकिया अंदाज में शुक्ला ने कहा, 'अगर आपको अंतरिक्ष यात्री बनना है, तो अपनी 'अक्ल' छोड़नी पड़ेगी।'

### गगनयान के लिए कड़ी जांच

शुभांशु शुक्ला ने बताया कि गगनयान मिशन के लिए चुने गए भारतीय वायुसेना के पायलटों को कठिन शारीरिक और मानसिक जांच से गुजरना पड़ा। ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर ने बताया कि 2019 के अंत में उन्हें रूस भेजा गया, जहां रूसी डॉक्टरों ने भी मेडिकल जांच की।

### टेस्ट पायलट ही क्यों बनते हैं अंतरिक्ष यात्री?

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने बताया कि जिन देशों के पास मजबूत अंतरिक्ष कार्यक्रम हैं, जैसे अमेरिका, रूस, चीन, वे सभी टेस्ट पायलटों को ही अंतरिक्ष मिशन के लिए चुनते हैं। उन्होंने कहा कि टेस्ट पायलट अपने आप में बेहद चुनिंदा होते हैं। हर साल 200 वायुसेना अधिकारी टेस्ट पायलट बनने के लिए आवेदन करते हैं, लेकिन सिर्फ पांच का चयन होता है। गगनयान कार्यक्रम के लिए 75 टेस्ट पायलटों पर विचार किया गया, जिनमें से सिर्फ चार चुने गए।

ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप ने स्पष्ट किया कि, 'हमें सीधे अंतरिक्ष में भेजने के लिए नहीं चुना गया है, बल्कि हमें जमीन पर रहकर सिस्टम के डिजाइनरों के साथ काम करने और मिशन को विकसित करने के लिए चुना गया है।' उन्होंने कहा कि टेस्ट पायलटों की ट्रेनिंग का 70 से 80 प्रतिशत हिस्सा अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण से मेल खाता है, इसलिए उन्हें इस भूमिका में जल्दी ढाला जा सकता है।




# पूर्व मेयर अशु वर्मा ने रखी हुई है परंपरा कायम

## अटल जयंती पर 306 से अधिक लोगों को मिला निःशुल्क नेत्र उपचार







### मुरादनगर में 88वाँ निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित, 98 मरीजों को ऑपरेशन हेतु किया गया चयन

**गाजियाबाद/मुरादनगर, करंट क्राइम।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मुरादनगर स्थित किसान नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में पूर्व महापौर आशु वर्मा की सक्रिय भूमिका एक बार फिर सामने आई। वरदान नेत्र चिकित्सालय के तत्वावधान में आयोजित यह 88वाँ निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर सेवा और समर्पण का उदाहरण बना।

शिविर का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान अनुभवी चिकित्सकों द्वारा 306 से अधिक लोगों की निःशुल्क नेत्र जाँच एवं परामर्श किया गया, जबकि 98 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए पर्ची प्रदान की गई। जाँच में सफेद व काला मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों की पहचान की गई। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने वर्षों से इस परंपरा को कायम रखा हुआ है। हर वर्ष निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अजीत पाल त्यागी उपस्थित रहे, लेकिन पूरे आयोजन में पूर्व महापौर आशु वर्मा की निरंतर सामाजिक सक्रियता और सेवा भावना विशेष रूप से चर्चा का विषय रही।

अपने संबोधन में आशु वर्मा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुविधा पहुँचाने की प्रेरणा देता है। उनकी जयंती पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर जैसे आयोजन वास्तव में उनके विचारों को जमीन पर उतारने का कार्य हैं। उन्होंने कहा कि सेवा का यह क्रम आगे भी लगातार जारी रहेगा।

विधायक अजीत पाल त्यागी ने भी अपने वक्तव्य में पूर्व महापौर आशु वर्मा द्वारा किए जा रहे निरंतर सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचकर लाभ लिया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। लोगों ने कहा कि आशु वर्मा के नेतृत्व में किए जा रहे ऐसे स्वास्थ्य सेवा कार्य आमजन के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं।

यह शिविर वरदान नेत्र चिकित्सालय एवं वरदान सेवा संस्थान के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सकों, स्वयंसेवकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर अरविंद भारती, दिनेश चौधरी, मनोज शर्मा, राहुल गोयल, विपिन चौधरी, जयप्रकाश शर्मा, मनवीर चौधरी, शिवनंदन शर्मा, राजवीर त्यागी, मुकुट लाल अरोड़ा, अमित रंजन, संजय कौशिक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सजेगा 'शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप' का महाकुंभ

▸ गाजियाबाद में हुआ 'लोगो' का अनावरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खेल जगत में शूटिंग बॉल को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया' ने आज द्वितीय शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप के ऑफिशियल लोगो का भव्य अनावरण किया। राजनगर एक्सटेंशन स्थित सोहन रेस्टोरेंट में आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश के खेल संगठनों के पदाधिकारियों ने शिरकत की।

फेडरेशन के महासचिव जीत राज तोमर ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 1 से 3 फरवरी 2026 तक नई दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में द्वितीय शूटिंग बॉल वर्ल्ड कप का आयोजन किया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में दुनिया भर के लगभग 12 देशों की महिला और पुरुष टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अंतरराष्ट्रीय शूटिंग बॉल फेडरेशन के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने लोगो का अनावरण करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से पारंपरिक खेलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

कार्यक्रम में एशियाई फेडरेशन के महासचिव श्री रविंद्र तोमर और इंडिया फेडरेशन के अध्यक्ष श्री अंजुल अग्रवाल ने भी आगामी विश्व कप की तैयारियों को लेकर उत्साह जताया। इस अवसर पर एशियन फेडरेशन के कोषाध्यक्ष जयप्रकाश कदीयान, कार्यकारी सदस्य डॉ. ओपी माचरा, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी और उत्तर प्रदेश शूटिंग बॉल एसोसिएशन के चेयरमैन अजय पाल प्रमुख विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही समाजसेवी अमरजीत सिंह बिड्डी, मेरठ संघ के अध्यक्ष अंकित चौधरी, गौतम बुद्ध नगर के महासचिव मोनू कुमार और भारतीय टीम के कप्तान सुरेश बिश्नोई ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में कहा कि दिल्ली में होने वाला यह विश्व कप भारतीय शूटिंग बॉल के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय लिखेगा।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी व पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती मनाई जा रही है। इस मौके पर राजेंद्र नगर स्थित जनसंपर्क कार्यालय परिसर में उनके चित्र पर श्रद्धांजलि देनेवालों का तांता लगा रहा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, पूर्व विधायक, कृष्णवीर सिरोही, मंडल अध्यक्षों में आलोक शर्मा, विनित त्यागी, विपिन डागर, अशोक भाटी, सुधीर त्यागी, पार्षदों में सचिन डागर, विजेंद्र चौहान प मदन राय, शशि खेमका, मनोज गोयल, विनय चौधरी भगवान अग्रवाल, भूपेंद्र उपाध्याय, हिमांशु चौधरी, नरेश भाटी, गौरव सोलंकी, विक्रम चौधरी आदि कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि आज का दिन केवल दो महान व्यक्तित्वों की जयंती का स्मरण मात्र नहीं है, बल्कि यह दिन भारत की आत्मा, भारत की चेतना और भारत के संस्कारों को नमन करने का अवसर है। भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेयी जी वह युगद्रष्टा थे, जिन्होंने राजनीति को मयार्दा, संवेदना और राष्ट्रभक्ति से जोड़ा। उनके लिए सत्ता साधन नहीं, सेवा थी; राजनीति वाद-विवाद नहीं, राष्ट्रनिर्माण का माध्यम थी। अटल जी ने यह सिद्ध कर दिखाया कि कठोर निर्णय भी मानवीय संवेदना के साथ लिए जा सकते हैं।



पोखरण से लेकर कश्मीर तक, सुशासन से लेकर विदेश नीति तक, उनके हर निर्णय में भारत का स्वाभिमान और आत्मविश्वास झलकता था। वे ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनकी वाणी में कविता थी और कर्म में राष्ट्रधर्म।

पंडित मदन मोहन मालवीय भारत की सांस्कृतिक और शैक्षिक चेतना के शिल्पकार थे। उन्होंने शिक्षा को केवल डिग्री का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्रनिर्माण का आधार माना। काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान, संस्कार और आत्मगौरव की ऐसी धरोहर दी, जिस पर पूरा राष्ट्र गर्व करता है।

भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इन महापुरुषों की विचारधारा का वाहक है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम संगठन को मजबूत करेंगे, जनता की सेवा को अपना धर्म बनाएंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे।

# समरकूल ने अपने एयर कूलर के दो नए मॉडल सिंघम और इवान लॉन्च किये



**एयर कूलर की लॉन्चिंग पर कंपनी के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि समरकूल पिछले 33 वर्षों से अपनी गुणवत्ता के लिए देश में जाना जाता है। और अब समरकूल एयर कूलर यूपी में नंबर वन रहने के बाद आईएसआई मार्क होने पर देश में नंबर वन होने की ओर है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समरकूल ब्रांड ने अपने एयर कूलर्स की रेंज में बढ़ोतरी करते हुए, हाल ही में दो नये मॉडलों को लॉन्च किया है। इससे पहले समरकूल ब्रांड के अनेक मॉडल बाजार में पहले से ही अपनी मजबूत पकड़ बनाये हुए हैं। एयर कूलर की लॉन्चिंग पर कंपनी के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि समरकूल पिछले 33 वर्षों से अपनी गुणवत्ता के लिए देश में जाना जाता है। और अब समरकूल एयर कूलर यूपी में नंबर वन रहने के बाद आईएसआई मार्क होने पर देश में नंबर वन होने की ओर है। उन्होंने कहा कि हमारे दो नये कूलर सिंघम और इवान अब अत्याधुनिक तकनीक के साथ उपभोक्ताओं की डिमांड को देखते हुए तैयार किये गए हैं। जिसके कारण यह अपने प्रदर्शन और गुणवत्ता के कारण बाजार में सेल्स के नये मानदंड स्थापित करेंगे। समरकूल चेयरमैन ने देश भर के अपने उपभोक्ताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि समरकूल ब्रांड पर आप सभी के भरोसे के कारण आज हर घर में हमारे ब्रांड की पहुच संभव हो पायी है। इस अवसर पर संजीव कुमार गुप्ता ने सभी देशवासियों को नये साल की शुभकामनाएं भी भेंट की।

# विजयनगर में क्रिसमस की धूम : नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन, अभिषेक गर्ग रहे मुख्य अतिथि




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर के कृष्णा नगर, बाबू विजयनगर क्षेत्र में क्रिसमस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय निवासियों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक गर्ग उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में अभिषेक गर्ग ने क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डाला और शांति व प्रेम का संदेश दिया। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उत्साह की सराहना की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छोटे-छोटे बच्चों द्वारा दी गई रंगारंग प्रस्तुतियां रहीं। नन्हे बच्चों ने क्रिसमस कैरल्स और विभिन्न गीतों पर बहुत ही सुंदर नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। बच्चों की इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को उपहार वितरित किए गए। इस दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। स्थानीय नागरिकों ने इस सफल आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा की।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल मंत्री जी के कार्यालय पर चर्चा रहती है दो भगवा ठाकुर मैम्बरों को लेकर आम? एक को बताया जाता है वसुंधरा का नरेश? दूसरे को लेकर दिया जाता है नगर निगम के गौरव वाला पैगाम? कहने वाले ने कहा जिन पर हो हैवीवेट आशीर्वाद? उनको कौन कम आंक सकता है श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के बजरंगी भैया मैम्बर डागर जब भी मौका मिलता है मार देते हैं यहां के ठाकुर मैम्बरों पर तीर? सुना है जब दो ठाकुर मैम्बरों की खबर प्रकाशित हुई? तो बजरंगी के चेहरे पर दिखाई दे रही थी बहुत सी हंसी वाली लकीर? वो बार-बार दोनों से कर रहे थे बात? कह रहे थे आप दोनों ठाकुरों को लेकर क्या लिख दिया जरा हमें भी तो बताओ आप? कहने वाले ने कहा जब कर रहे थे बजरंगी भैया ये सवाल? तब उनके चेहरे पर दिख रही थी शरारत से भरी मुस्कुराहट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार को एक भगवा मंडल उपाध्यक्ष मिल गया है बलवान? सुना है उसने अपनी कमाई को मंडल की भलाई में लगाने का बना लिया है प्रोग्राम? सुना है विक्रम सा दिखाया है इन्होंने शब्दों में बल? कहा है कि एक डील मैं मंडल के खर्चे के नाम कर दूंगा? आने वाले समय में मैं ये काम कर दूंगा? कहने वाले ने कहा चौधरी का है गजब का जज्बा और बड़ा है उनका दिल? सौभाग्य है हमारे मंडल का जिनको इतना कीमती कार्यकर्ता गया है मिल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जो मैम्बर चल रहे हैं इस वक्त नदिया पार में एसआईआर वाले अभियान को लेकर बेफिक्र? हमारा उन तक पहुंचा देना संदेश? वो सोच रहे हैं कि वो हैवीवेट वालों की नजरों से बच जायेंगे? शायद गलतफहमी में है उनका फेस? देखना अभी हैवीवेट वाले उनसे कुछ नहीं कहेंगे? मगर निगम चुनावों में होगी बात? जो करेगा जितनी मेहनत उसको मिलेगा उतना प्रसाद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में इन दिनों अटल चौक वाला सवाल चर्चा में है श्रीमान? भगवा सौलंकी ने भगवा भाटी जी से पूछा लिया था आपने क्या रखा इस मुद्दें पर ख्याल? सुना है जब से ये खबर आई है बाहर? उसके अगले दिन ही बदल लिया सौलंकी जी ने अपना किरदार? कह दिया कि अब वो इस मैटर पर रहेंगे मौन? करायेंगे अब उनको एहसास? इस मामले में हम आपके हैं कौन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब वेस्टर्न वाले ठाकुर साहब मीटिंग से फारिक होकर हुए वापस अपनी गाड़ी में जाने के लिए सवार? तभी उनको हुए मौके पर पूरे काम से ईश्वर की तमन्ना रखने वाले त्यागी जी के दीदार? त्यागी जी के नए लुक को देखकर उन्होंने मारा तारीफ वाला कमेंट? जब त्यागी जी बोले कि भाईसाहब जिसको हमें देखना है वो देख नहीं रहे? आप ही बताओ ये कम है हमपे कोई डेंट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि चल रही थी पार्टी कार्यालय पर मीटिंग? मीटिंग में थी भगवा योद्धा के साथ वेस्टर्न वालों की सीटिंग? यहां पर दीवारों से चीरते हुए आवाज आ रही थी बाहर? भगवा योद्धा जमकर लुटा रहे थे भगवा भारद्वाज पर प्यार? वो करा रहे थे ठाकुर साहब को इस बात का एहसास? भगवा भारद्वाज ने अपनी मेहनत से अपने मोर्चे को पहचान दी हुई है बहुत ही खास? योद्धा के शब्द करा रहे थे भगवा भारद्वाज के आगामी प्रमोशन का एहसास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिन भगवा त्यागी जी के पक्ष में है दो विधायकों का सपोर्ट? वो ही बनेंगे महामंत्री? आप कर लो इस बात को नोट? भगवा योद्धा भी इनमें से एक विधायक की बात को देंगे काफी भाव? हो जायेगी त्यागी जी की बल्ले-बल्ले? एक विधायक का बिना चले ही चल जायेगा दांव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पहलवान का एक अंदाज हमें बहुत भाता है यार? पक्ष हो या विपक्ष वो लुटाते हैं अपना प्यार? हमने देखा उन्होंने किया अपने यहां पर कांग्रेस नेता का बर्थडे सेलीब्रेट? उनके सेलीब्रेशन से हमें कोई समस्या नहीं? मगर हम तो उनसे ये पूछना चाहते हैं कि वो कोई एक तस्वीर तो दिखा दें? जिसमें किसी कांग्रेस वाले ने भगवा नेता का बर्थडे सेलीब्रेट करते हुए फेसबुक पर डाला हो कोई अपडेट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा ठाकुर साहब बना तो गये हैं भगवा योद्धा के साथ मिलकर प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत वाला प्रोग्राम? मगर देखना ये है कि इस स्वागत में भाजपा के तीनों विधायक कितना देगें भीड़ को अंजाम? कहने वाले ने कहा स्वागत के रास्ते पर पड़ रहा है तीनों विधानसभाओं का रूट? देखना अब ये है सबसे ज्यादा भीड़ जुटाकर कौन सा विधायक मारेगा प्रदेश अध्यक्ष को अपनी ओर से तगड़ा सेल्यूट?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# प्रदेश स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला, मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजा वर्मा




**रामपुर, करंट क्राइम।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं हॉकी संघ उत्तर प्रदेश के समन्वय से जनपद रामपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनका उत्साहवर्धन करने हेतु भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं रामपुर के प्रभारी राजा वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजा वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास का सशक्त माध्यम हैं। प्रदेश सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हॉकी जैसे पारंपरिक खेलों को संरक्षण और प्रोत्साहन देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों को आगे बढ़ने की नई दिशा देते हैं और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को मजबूत करते हैं।

प्रतियोगिता के दौरान खेल प्रेमियों एवं स्थानीय नागरिकों की अच्छी-खासी मौजूदगी रही। आयोजकों ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, निर्णायकों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ पुतला दहन कर जताया विरोध



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित अत्याचारों और हालिया घटनाओं के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मोदीनगर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदू अत्याचार बंद करो, हिंदू भाइयों की रक्षा करो और इस्लामिक कट्टरवाद मुर्दाबाद, जैसे नारे लगाए। बजरंग दल के स्थानीय नेताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा, मंदिरों पर हमले और हाल की दीपू चंद्र दास जैसी घटनाएं असहनीय हैं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# क्रिकेट से शतरंज तक, इस साल भारत की ऐतिहासिक खेल उपलब्धियां







**नई दिल्ली।** 2025 भारत के लिए खेलों के लिहाज से इतिहास रचने वाला वर्ष रहा। व्यक्तिगत स्तर पर कई उपलब्धियों ने भारतीय खेल को वैश्विक पहचान दिलाई। साथ ही टीम इंडिया ने क्ळउ चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती। ये उपलब्धियां न सिर्फ आज बल्कि आने वाले वर्षों में भारत को खेल की दुनिया में ऊंचा स्थान देती रहेंगी।

साल 2025 भारतीय खेल इतिहास के उन खास वर्षों में शामिल हो गया, जब देश ने एक साथ कई खेलों में वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत का एहसास कराया। क्रिकेट में जहां भारतीय पुरुष टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 जीतकर अपना दबदबा कायम रखा, वहीं नवी मुंबई में महिला टीम की पहली वर्ल्ड कप जीत ने इतिहास रच दिया। इसके साथ ही शतरंज में डी. गुकेश और दिव्या देशमुख जैसे युवा सितारों ने भारत को नई पहचान दिलाई, जबकि नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में एक बार फिर देश का परचम लहराया। पैरा-स्पोर्ट्स और एशियाई खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि 2025 सिर्फ उपलब्धियों का साल नहीं, बल्कि भारत के खेल महाशक्ति बनने की कहानी का अहम पड़ाव रहा।

**1. 2025 एशियन यूथ गेम्स में रिकॉर्ड प्रदर्शन**
भारत ने 2025 एशियाई यूथ गेम्स में अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज की, जहां 48 कुल पदक। इनमें 13 गोल्ड, 18 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज शामिल हैं। यह सबसे बड़ी एशियाई युवा खेल उपलब्धि थी और इससे भविष्य के युवा खेल सितारों को 2026 युथ ओलंपिक्स के लिए क्वालिफाइंग स्लॉट भी मिले। भारतीय युवा एथलीट्स ने कुश्ती, बॉक्सिंग, एथलेटिक्स, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग सहित विभिन्न खेलों में दमदार प्रदर्शन दिखाया।

**2. इतिहास रचा : विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में गोल्ड**
2025 में विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने गोल्ड मेडल जीता। यह भारत का विश्व चैंपियनशिप में पहला कंपाउंड तीरंदाजी गोल्ड था। टीम में ऋषभ यादव, प्रभात सलुनखे और पृथमेश फुगे जैसे युवा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे इस खेल में भारत की बढ़ती क्षमता स्पष्ट हुई।

**3. एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार मेडल टैली**
भारत ने एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में दूसरा स्थान हासिल किया और कुल 24 पदक जीते, जिसमें कई गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज में राष्ट्रीय रिकॉर्ड शामिल थे। गुलवीर सिंह ने 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों में गोल्ड जीता, जबकि अविनाश साबले और ज्योति याराजी सहित कई युवा एथलीटों ने शीर्ष स्तर पर भारत का नाम रौशन किया।

**4. शूटिंग वर्ल्ड कप : भारत का पहला गोल्ड**
20 साल के सम्राट राणा ने अपने करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में विश्व चैम्पियनशिप गोल्ड जीता। यह भारत के लिए शूटरिंग वर्ल्ड में एक ऐतिहासिक पल था और इस युवा खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाया।

**5. विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दिखा भारत का दम**
ग्रेटर नोएडा में आयोजित 2025 के विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप फाइनल्स में जैस्मिन लैंबोरिया ने महिला 57 किग्रा कैटेगरी में गोल्ड जीता। इसके अलावा नुपुर सेरोन ने +80 किग्रा में सिल्वर हासिल किया, जिससे यह अभियान भारतीय मुक्केबाजी के इतिहास के कुछ सबसे सफल अभियानों में से एक बन गया। विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स 2025 में भारत ने कुल 20 पदक (9 स्वर्ण, 6 रजत, 5 कांस्य) जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

**6. खो–खो विश्व कप 2025– विश्व खिताब जीत**
भारतीय महिला खो–खो टीम ने 2025 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपनी झोली में डाला। ढाका में हुए फाइनल में चीनी ताइपे को मात देकर यह उपलब्धि भारतीय पारंपरिक खेल की वैश्विक वृद्धि को दर्शाती है।

**7. चैंपियंस ट्रॉफी में चला भारतीय टीम का जादू**
भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता। रोहित शर्मा की कप्तानी में यह ऐतिहासिक जीत वनडे क्रिकेट में देश की मजबूत पहुंच को दर्शाती है।

**8. चेस में ग्लोबल रिकॉर्ड और सम्मान**
भारत के युवा विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने 2025 में मैग्नस कार्लसन सहित शीर्ष प्रतिभाओं को पराजित किया और प्रतिष्ठित खेल रत्न सहित कई बड़े सम्मान हासिल किए। यह उपलब्धि भारत को अंतरराष्ट्रीय बुद्धि खेलों में उंचा स्थान दिलाती है।

**9. भारतीय महिला टीम पहली बार बनी वर्ल्ड चैंपियन**
2025 का साल भारतीय महिला क्रिकेट के लिए स्वर्णिम अध्याय बनकर आया, जब टीम इंडिया ने पहली बार महिला वर्ल्ड कप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।

कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतरता बनाए रखी, जबकि युवा खिलाड़ियों ने बड़े मंच पर बेखौफ प्रदर्शन कर यह साबित किया कि भारतीय महिला क्रिकेट अब नए युग में प्रवेश कर चुका है।

## भारतीय चयनकर्ताओं ने तय कर लिया यशस्वी का व्हाइट-बॉल रोल

**मुंबई।** यशस्वी जायसवाल शानदार फॉर्म और प्रभावशाली आंकड़ों के बावजूद व्हाइट–बॉल क्रिकेट में लगातार अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। दिलीप वेंगसरकर जैसे दिग्गजों का मानना है कि यह न सिर्फ खिलाड़ी के साथ अन्याय है, बल्कि टीम इंडिया के हित में भी नहीं। सवाल अब भी कायम है। क्या चयनकताओं ने वाकई जायसवाल की व्हाइट–बॉल भूमिका तय की है, या यह प्रतिभा यूं ही मौके का इंतजार करती रहेगी?
भारतीय क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल का नाम उस पीढ़ी से जुड़ा है, जिसने रोहित शर्मा और विराट कोहली के बाद तीनों फॉर्मेट में स्थायी जगह बनाने की क्षमता दिखाई है। तकनीक, टेंपो कंट्रोल, शॉट्स की रेंज और मानसिक मजबूती, आधुनिक क्रिकेट की हर कसौटी पर खरे उतरने वाले जायसवाल के बावजूद, व्हाइट–बॉल क्रिकेट में उनका भविष्य अब भी सवालों के घेरे में है। खासकर तब, जब उन्हें आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप की टीम से बाहर रखा गया।

# 'छुट्टी में दो-चार बीयर कोई अपराध नहीं...'

## एशेज में विवाद के बीच बेन डकेट के समर्थन में उतरे माइकल वॉन



**मेलबर्न।** एशेज सीरीज 2025 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम पहले ही 3-0 से पीछे चल रही है और टीम का प्रदर्शन उम्मीदों से काफी नीचे रहा है। बल्लेबाजी में सबसे ज्यादा निराश करने वाले नामों में बेन डकेट शामिल हैं, जिनका पहले तीन टेस्ट में सर्वोच्च स्कोर सिर्फ 28 रन रहा है। इसी बीच मैदान के बाहर इंग्लैंड टीम की नोसा यात्रा को लेकर विवाद खड़ा हो गया, जहां चार दिन के ब्रेक के दौरान खिलाड़ियों के कथित शराब सेवन पर सवाल उठे।

**माइकल वॉन का डकेट के पक्ष में खुलकर बयान**

पूर्व इंग्लैंड कप्तान माइकल वॉन ने इस पूरे मामले में बेन डकेट का बचाव किया है। द टेलीग्राफ में अपने कॉलम में लिखते हुए वॉन ने साफ कहा कि खिलाड़ियों की आलोचना उनके क्रिकेट के आधार पर होनी चाहिए, न कि इस बात पर कि वे छुट्टी के दिन क्या करते हैं।

वॉन ने लिखा, 'मैं इंग्लैंड टीम की आलोचना नोसा में उनके व्यवहार के लिए नहीं करूंगा। मैं उनकी आलोचना इस बात के लिए करता हूं कि वे मैदान पर क्या कर रहे हैं, कैसे खेल रहे हैं और क्रिकेट की तैयारी कैसे कर रहे हैं। मैं कुछ युवा खिलाड़ियों पर अंगुली नहीं उठाऊंगा जिन्होंने छुट्टी के दो दिनों में कुछ बीयर पी ली। मैंने भी इंग्लैंड के लिए खेलते समय बिल्कुल यही किया था।'

**डकेट को क्या सीखने की जरूरत है?**

हालांकि, वॉन ने एक हल्की सी नसीहत भी दी। उन्होंने कहा, 'फर्क बस इतना है कि मुझे पता होता था कि कब घर लौटना है। शायद यही चीज बेन डकेट को सीखने की जरूरत है।' डकेट पर कार्रवाई की मांग को वॉन ने पूरी तरह खारिज किया। उनका मानना है कि यह सिर्फ एक खिलाड़ी या टीम का मुद्दा नहीं, बल्कि क्रिकेट संस्कृति से जुड़ा विषय है। वॉन ने लिखा, 'जो सबूत हमारे सामने हैं, उनके आधार पर न तो डकेट को और न ही किसी अन्य खिलाड़ी को फटकार लगनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, 'इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका, सभी में यही संस्कृति है। अगर आप कुछ युवा खिलाड़ियों को तीन-चार दिन की छुट्टी देंगे, तो वे ऐसा ही कुछ करेंगे।' यह विवाद तब और बढ़ गया जब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें बेन डकेट कथित तौर पर नशे की हालत में नजर आ रहे हैं।

# लिस्ट-ए क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं सचिन

**नई दिल्ली।** लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है। उनके बाद विराट कोहली और ग्राहम गूच जैसे दिग्गज इस सूची में शामिल हैं। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में कोहली और रोहित के शतकों ने इस ऐतिहासिक बहस को एक बार फिर चर्चा में ला दिया है।

लिस्ट-ए क्रिकेट को अक्सर वनडे क्रिकेट की रीढ़ कहा जाता है। यह वही मंच है जहां खिलाड़ी लंबे समय तक निरंतरता, तकनीक और मानसिक मजबूती का इम्तिहान देते हैं। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के पहले दिन विराट कोहली ने अपना 58वां और रोहित शर्मा ने 37वां लिस्ट-ए शतक जड़कर इस बहस को फिर से तेज कर दिया है कि आखिर लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाला बल्लेबाज कौन है?

आइए, इस सूची में शामिल टॉप बल्लेबाजों को एक-एक कर समझते हैं। यह सूची केवल आंकड़ों की कहानी नहीं है, बल्कि यह उन बल्लेबाजों की निरंतरता, क्लास और लंबे करियर का प्रमाण है। जहां सचिन तेंदुलकर अब भी शिखर पर हैं, वहीं विराट कोहली उनका रिकॉर्ड तोड़ने से महज तीन शतक दूर हैं।





**सचिन तेंदुलकर: 60 शतक (538 पारियां)**

लिस्ट-ए क्रिकेट में शतकों की बात हो और सचिन तेंदुलकर का नाम सबसे ऊपर न हो, ऐसा संभव ही नहीं। मास्टर ब्लास्टर ने 538 पारियों में 60 शतक जड़े। यह रिकॉर्ड आज भी अटूट है। सचिन की सबसे बड़ी खासियत थी कि वह लगभग हर तरह की पिच और हालात में रन बनाते थे। घरेलू क्रिकेट से लेकर अंतरराष्ट्रीय वनडे तक, लिस्ट-ए क्रिकेट में उनका दबदबा बेजोड़ रहा।

**विराट कोहली: 58 शतक (330 पारियां)**

विराट कोहली इस सूची में सबसे तेजी से शतक लगाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हैं। उन्होंने महज 330 पारियों में 58 शतक पूरे किए, जो उनकी असाधारण निरंतरता को दशार्ता है। विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 में लगाया गया ताजा शतक इस बात का संकेत है कि कोहली आज भी लिस्ट-ए क्रिकेट में पूरी तरह प्रासंगिक हैं और सचिन के रिकॉर्ड के सबसे करीब भी। कोहली ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के खिलाफ 101 गेंद में 131 रन की पारी खेली और अपनी टीम दिल्ली को जीत दिलाई।

**ग्राहम गूच: 44 शतक (601 पारियां)**

इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज ग्राहम गूच ने 601 पारियों में 44 शतक लगाए। यह आंकड़ा बताता है कि गूच ने लंबा करियर खेला और लगातार रन बनाए। 80 और 90 के दशक में इंग्लिश क्रिकेट को मजबूती देने में उनका योगदान लिस्ट-ए आंकड़ों में साफ दिखाई देता है।

**ग्रेम हिक: 40 शतक (630 पारियां)**

जिम्बाब्वे में जन्मे और इंग्लैंड के लिए खेलने वाले ग्रेम हिक ने लिस्ट-ए क्रिकेट में 40 शतक जड़े। भले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनका करियर अपेक्षाओं के अनुरूप न रहा हो, लेकिन घरेलू और लिस्ट-ए क्रिकेट में उनका रिकॉर्ड उन्हें महान बल्लेबाजों की कतार में खड़ा करता है।

**कुमार संगकारा: 39 शतक (501 पारियां)**

श्रीलंका के दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार संगकारा ने 501 पारियों में 39 शतक लगाए। उनकी बल्लेबाजी में क्लास, धैर्य और तकनीकी शुद्धता साफ नजर आती थी। लिस्ट-ए क्रिकेट में उनका औसत और निरंतरता उन्हें इस सूची का अहम हिस्सा बनाती है।

**रोहित शर्मा: 37 शतक (339 पारियां)**

रोहित शर्मा ने विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26 के पहले दिन अपना 37वां लिस्ट-ए शतक लगाकर इस एलीट क्लब में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर ली। 339 पारियों में 37 शतक यह दिखाते हैं कि रोहित बड़े स्कोर बनाने में माहिर हैं, खासकर सीमित ओवरों के क्रिकेट में। हिटमैन ने सिक्किम के खिलाफ मुंबई से खेलते हुए 94 गेंद में 18 चौके और नौ छक्कों की मदद से 155 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी धमाकेदार पारी से मुंबई को एकतरफा अंदाज में जीत दिलाई।

## बिहार के रिकॉर्ड लिस्ट-ए स्कोर पर अश्विन की अजीबोगरीब टिप्पणी

नई दिल्ली। विजय हजारे ट्रॉफी में बिहार के ऐतिहासिक 574 रन जहां घरेलू क्रिकेट की ताकत दिखाते हैं, वहीं आर. अश्विन की टिप्पणी ने प्लेट ग्रुप मुकाबलों की प्रतिस्पर्धात्मकता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। अश्विन ने वैभव सूर्यवंशी और सकीबुल गनी की तारीफ तो की, लेकिन ऐसे एकतरफा मैचों को विकास के लिए आदर्श नहीं बताया। साथ ही ईशान किशन की वापसी को आत्मविश्वास और मेहनत का बेहतरीन उदाहरण करार दिया। विजय हजारे ट्रॉफी के प्लेट ग्रुप मुकाबले में बिहार ने इतिहास रचते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ छह विकेट पर 574 रन ठोक दिए। यह लिस्ट-ए क्रिकेट का अब तक का सबसे बड़ा टीम स्कोर है। इस ऐतिहासिक पारी के केंद्र में रहे 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने महज 84 गेंदों में 190 रन की विस्फोटक पारी खेली।

# पूर्व भारतीय स्टार ने चुना विश्व कप स्क्वॉड शुभमन गिल को फिर नहीं मिला मौका

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 के लिए आकाश चोपड़ा ने अपनी 13 सदस्यीय टीम का चुनाव किया। इस टीम में उन्होंने स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को शामिल नहीं किया है।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने गुरुवार को टी20 विश्व कप 2026 के लिए वैकल्पिक भारतीय टीम का चयन किया। दरअसल, आगामी विश्व कप के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा चुने गए 15 सदस्यीय स्क्वॉड में भी गिल शामिल नहीं हैं। क्रिकेट विश्लेषकों का मानना है कि खराब फॉर्म के चलते वह टी20 टीम में जगह नहीं बना सके जबकि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने टीम कॉम्बिनेशन के चलते उन्हें ड्रॉप करने का फैसला किया।

**खराब फॉर्म बना सबसे बड़ी वजह:** शुभमन गिल का टी20 में हालिया प्रदर्शन लगातार सवालों के घेरे में रहा है। एशिया कप के दौरान टीम में वापसी के बाद से उन्होंने 15 मैचों में सिर्फ 291 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 137.26 रहा है, जिसमें एक भी अर्धशतक या शतक शामिल नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल ही में खत्म हुई टी20 सीरीज में भी गिल का बल्ला खामोश रहा और उन्होंने तीन मैचों में सिर्फ 32 रन बनाए, जिससे उनके चयन पर दबाव और बढ़ गया।



**संजू सैमसन संभालेंगे ओपनिंग की जिम्मेदारी:** टी20 विश्व कप 2026 के लिए चुनी गई टीम में शुभमन गिल को जगह नहीं दी गई। भारतीय प्रशंसकों के लिए यह चौंकाने वाला फैसला था। 26 वर्षीय बल्लेबाज को भारत का अगला तीनों प्रारूपों का कप्तान माना जा रहा था। हाल ही में उन्हें टी20 टीम का उपकप्तान भी बनाया गया था। अब ओपनिंग की जिम्मेदारी एक बार फिर संजू सैमसन निभाएंगे, जबकि ईशान किशन को बैकअप विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

**टी20 विश्व कप 2026 के लिए आकाश चोपड़ा की वैकल्पिक भारतीय टीम:** ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, जितेश शर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, क्रुणाल पांड्या, दीपक चाहर, युजवेंद्र चहल, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल।

# 25.20 करोड़ की बोली, लेकिन हाथ आएंगे सिर्फ 9.75 करोड़

**नई दिल्ली।** कैमरन ग्रीन पर आईपीएल 2026 मिनी ऑक्शन में 25.20 करोड़ की बोली लगी, लेकिन विदेशी खिलाड़ियों की सैलरी कैप और भारत-ऑस्ट्रेलिया दोनों देशों के टैक्स नियमों के कारण उनकी वास्तविक टेक-होम सैलरी करीब 9.75 करोड़ रुपये ही हो सकती है। यह मामला आईपीएल में विदेशी खिलाड़ियों की कमाई और नियमों को लेकर एक बार फिर बहस का केंद्र बन गया है।

आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपये की बड़ी बोली लगाई। बाहर से देखने पर यह रकम चौंकाने वाली लगती है, लेकिन असलियत यह है कि टैक्स और बीसीसीआई के नियमों के बाद ग्रीन की वास्तविक टेक-होम सैलरी सिर्फ करीब 9.75 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।



### विदेशी खिलाड़ियों के लिए 18 करोड़ की सैलरी कैप

आईपीएल के नियमों के मुताबिक, कोई भी विदेशी खिलाड़ी 18 करोड़ रुपये से ज्यादा सैलरी नहीं ले सकता, चाहे उस पर कितनी भी बड़ी बोली क्यों न लगी हो। कैमरन ग्रीन के मामले में भी यही हुआ। 25.20 करोड़ की बोली में से 7.20 करोड़ रुपये सीधे काटकर बीसीसीआई के प्लेयर वेलफेयर फंड में चले गए, जबकि फ्रेंचाइजी को पूरी बोली की रकम अपने पर्स से चुकानी पड़ी।

### भारत में टैक्स कटौती कैसे हुई

18 करोड़ की सैलरी पर भारत में कई स्तरों पर टैक्स लगता है। इनमें टीडीएस, टीडीएस पर सरचार्ज और टीडीएस-सरचार्ज पर सेस शामिल हैं। कैमरन ग्रीन की बची हुई 18 करोड़ की राशि में से सबसे पहले 20 प्रतिशत टीडीएस काटा जाएगा।

इसके बाद इसी टीडीएस रकम पर 25 प्रतिशत का सरचार्ज लगाया जाएगा। इतना ही नहीं, टीडीएस और सरचार्ज दोनों के कुल योग पर चार प्रतिशत का सेस भी जुड़ता है। इन सभी चरणों में हुई कटौती के चलते भारत में ही ग्रीन की सैलरी से बड़ी रकम टैक्स के रूप में निकल सकती है, जिससे उनकी नेट अमाउंट में भारी कमी देखने को मिल सकती है। इन सभी कटौतियों के बाद भारत में ही करीब 4.68 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में कट जाएंगे, जिससे ग्रीन के हाथ में लगभग 13.32 करोड़ रुपये बचेंगे।

### ऑस्ट्रेलिया में भी देना होगा टैक्स

कैमरन ग्रीन ऑस्ट्रेलिया के टैक्स कानूनों के तहत भी करदाता हैं, इसलिए उनकी आईपीएल से होने वाली कमाई पर वहां भी टैक्स लागू होगा।

ऑस्ट्रेलिया में उनकी आईपीएल इनकम पर लगभग 45 प्रतिशत तक इनकम टैक्स लिया जाता है, जबकि इसके अलावा दो प्रतिशत की मेडिकेयर लेवी भी देनी होती है। इसी वजह से भारत में टैक्स कटौती के बाद बची रकम पर भी ऑस्ट्रेलिया में एक बड़ी कर देनदारी बन जाती है, हालांकि, भारत में दिए गए टैक्स के बदले उन्हें विदेशी कर समायोजन का लाभ मिलता है।

# पिछले 15 साल में इसमें महज दो बार हारे कंगारू, भारत ने दी दोनों शिकस्त

**मेलबर्न।** बॉक्सिंग-डे टेस्ट 26 दिसंबर से शुरू होने वाला एक ऐतिहासिक क्रिकेट मुकाबला है, जिसकी परंपरा 19वीं सदी से चली आ रही है। ऑस्ट्रेलिया में यह टेस्ट आमतौर पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाता है। पिछले 15 वर्षों में ऑस्ट्रेलिया को इसमें सिर्फ दो बार हार मिली है और दोनों बार भारत ने उन्हें शिकस्त दी। यही वजह है कि बॉक्सिंग-डे टेस्ट क्रिकेट इतिहास का सबसे प्रतिष्ठित और रोमांचक अध्याय माना जाता है।

क्रिकेट कैलेंडर में बॉक्सिंग-डे टेस्ट का नाम आते ही रोमांच अपने चरम पर पहुंच जाता है। हर साल 26 दिसंबर से शुरू होने वाला यह टेस्ट मैच सिर्फ एक क्रिकेट मुकाबला नहीं, बल्कि परंपरा, इतिहास और संस्कृति का संगम है। खासतौर पर ऑस्ट्रेलिया में खेले जाने वाले बॉक्सिंग-डे टेस्ट को साल के सबसे प्रतिष्ठित मुकाबलों में गिना जाता है।

26 दिसंबर को क्रिसमस के अगले दिन बॉक्सिंग डे कहा जाता है। यह नाम मुक्केबाजी से जुड़ा नहीं है, बल्कि इसकी जड़ें ईसाई समाज की परंपराओं में हैं, जहां क्रिसमस के बाद गरीबों, कामगारों और जरूरतमंदों को उपहार दिए जाते थे। इसी वजह से 26 दिसंबर को 'बॉक्सिंग डे' कहा जाने लगा।



**बॉक्सिंग-डे टेस्ट की शुरूआत कब हुई?**

क्रिकेट में 'बॉक्सिंग डे' शब्द की एंट्री 1892 में हुई, जब ऑस्ट्रेलिया के घरेलू क्रिकेट में क्रिसमस के आसपास मुकाबले खेले जाने लगे। हालांकि, पहला आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग-डे टेस्ट 1950 में खेला गया। 1950-51 की एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया टेस्ट ऐसा पहला इंटरनेशनल मैच माना जाता है, जिसका एक दिन बॉक्सिंग डे पर पड़ा, लेकिन 1974-75 एशेज सीरीज से यह परंपरा पक्की हो गई कि 26 दिसंबर से शुरू होने वाला टेस्ट ही 'बॉक्सिंग-डे टेस्ट' कहलाएगा।

**बॉक्सिंग-डे को लेकर प्रचलित कहानियां**

दुनिया में अलग-अलग देशों में बॉक्सिंग-डे के दिन को लेकर अलग-अलग कहानियां हैं। कई देशों में इसका कनेक्शन क्रिसमस बॉक्स से बताया जाता है, वहीं कई जगहों पर चर्च में त्योहार के दिन गरीबों को गिफ्ट में दिए जाने वाले बॉक्स से जोड़ा जाता है।

बॉक्सिंग डे से जुड़ी पहली कहानी यह है कि चर्च में क्रिसमस के दौरान एक बॉक्स रखा जाता है। चर्च आने वाले लोग इस बॉक्स में गरीबों और जरूरतमंदों के लिए गिफ्ट रखते हैं। क्रिसमस के अगले दिन उस बॉक्स को खोला जाता है और गिफ्ट में मिले सामानों को गरीबों में बांट दिया जाता है। क्रिश्चियन लोगों की शादी भी चर्च में होती है। शादी में मिले गिफ्ट को बॉक्स में रखा जाता है और उसे 26 दिसंबर को खोलने की परंपरा है।

**बॉक्सिंग-डे क्यों? (दूसरी कहानी- मेहनती लोगों को सलाम करने का दिन)**

दरअसल, बॉक्सिंग-डे के पीछे एक दिलचस्प कहानी भी है। क्रिसमस के दिन भी छुट्टी न लेकर काम करने वालों के लिए इस दिन का नाम बॉक्सिंग डे पड़ा। इस दिन उनके काम की तारीफ की जाती है। छुट्टी न लेकर काम करने का जज्बा ही बॉक्सिंग डे कहलाता है। क्रिकेटर्स भी त्योहार में अपने घर पर न रहकर मैच खेलते हैं, तो इस वजह से बॉक्सिंग डे का कनेक्शन मैचों से भी जोड़ दिया गया।

**बॉक्सिंग-डे क्यों? (कहानी नंबर-तीन: क्रिसमस बॉक्स)**

वेस्टर्न क्रिश्चियनिटी के कैलेंडर के मुताबिक क्रिसमस डे के अगले दिन (26 दिसंबर) को बॉक्सिंग डे कहते हैं। आयरलैंड और स्पेन जैसे कई देशों में इसे सेंट स्टीफंस डे भी कहा जाता है। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी के मुताबिक, बॉक्सिंग डे क्रिसमस की छुट्टी के बाद हफ्ते का पहला दिन होता है। छुट्टियों के बाद कई लोग काम पर जाते हैं और उनके मालिक क्रिमसम उपहार के रूप में उन्हें बॉक्स गिफ्ट करते हैं। इसलिए इस दिन का नाम बॉक्सिंग डे पड़ा।

**बॉक्सिंग-डे' शब्द क्रिकेट से कब जुड़ा?**

माना जाता है कि बॉक्सिंग डे की क्रिकेट में एंट्री 1892 में हुई थी। उसी साल ऐतिहासिक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शेफिल्ड शील्ड टूर्नामेंट में विक्टोरिया और न्यू साउथ वेल्स के बीच क्रिसमस के दौरान एक मैच हुआ था। इसके बाद हर साल दोनों टीमों के बीच क्रिसमस के दौरान मैच होने लगे और यह एक परंपरा बन गई। हर मैच में बॉक्सिंग डे का दिन जरूर शामिल होता था।

# शशि थरूर ने सचिन से की वैभव सूर्यवंशी की तुलना







**नई दिल्ली।** 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने विजय हजारे ट्रॉफी में 190 रन की ऐतिहासिक पारी खेलकर भारतीय क्रिकेट में हलचल मचा दी है। शशि थरूर ने उन्हें सचिन तेंदुलकर से तुलना करते हुए भारत के लिए जल्द मौका देने की बात कही है। आकाश चोपड़ा भी मानते हैं कि आईपीएल में प्रदर्शन के बाद उनका भारत कॉल-अप तय हो सकता है।

भारतीय क्रिकेट को एक बार फिर एक असाधारण किशोर प्रतिभा ने चौंका दिया है। बिहार के 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने विजय हजारे ट्रॉफी के अपने पहले ही मुकाबले में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ महज 84 गेंदों पर 190 रन की तूफानी पारी खेली। इस धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत बिहार ने छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो विजय हजारे ट्रॉफी और लिस्ट-ए के इतिहास का अब तक का सर्वोच्च टीम स्कोर है। यह पारी ऐसे समय आई जब कुछ दिन पहले ही अंडर-19 एशिया कप फाइनल में असफलता के बाद वैभव की मानसिक मजबूती पर सवाल उठाए जा रहे थे।

इस मुकाबले में उन्होंने बेहतरीन टाइमिंग, गजब की ताकत और मैच की समझ दिखाते हुए साबित कर दिया कि वह उम्र से कहीं आगे का क्रिकेट खेल रहे हैं।